✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 158 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 5 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बेतिया में चुनावी सभा के दौरान उपस्थित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# बिहार में विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए सरकार जरूरी : नड्डा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/आरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले सियासी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। इसी क्रम में एनडीए के स्टार प्रचारक और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर खेल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। मंच पर पहुंचते ही उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और केंद्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं को जनता के सामने रखा। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ ने पूरे मैदान को चुनावी जोश से भर दिया। नड्डा ने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि वह सबसे पहले प्राचीन कालीन मंदिर और वीर कुंवर सिंह को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिहार को विकसित राज्य बनाने का निर्णायक अवसर है। बिहार की विकास की गाड़ी 2005 के बाद पटरी पर आई है, अब इसे आगे बढ़ाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि 1990 से 2005 तक का दौर अमावस्या की रात था। महागठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह ठगबंधन और लठबंधन है जिसने बिहार को लालटेन युग में रखा जबकि एनडीए ने उसे एलईडी के युग में पहुंचाया। उन्होंने बिहार में हुए बड़े बुनियादी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले कोईलवर में एक लेन का पुल था, अब छह लेन का पुल है। पहले सड़कें और एक्सप्रेसवे सपना था, आज हर ओर हाइवे, रेलवे और इंटरनेट की रफ्तार है। उन्होंने कहा कि पटना से सासाराम एक्सप्रेसवे और मेट्रो परियोजनाएं बिहार के नए युग की पहचान हैं। महिलाओं को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद हर महिला को दो लाख रुपये का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 62 करोड़ लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। नड्डा ने कहा कि 20 साल पहले मोबाइल चार्ज करने के लिए दस रुपये देने पड़ते थे, आज हर गांव में बिजली और इंटरनेट है। उन्होंने बताया कि 8000 से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है, रेलवे का बजट बिहार के लिए 10 गुना बढ़ा है, 98 रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहटा में 1400 करोड़ का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और दरभंगा में 1200 करोड़ का एम्स बन रहा है।




## पहले चरण के लिए थमा प्रचार का शोर, अब नेता जी चले डोर टू डोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होगा। इन सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। अंतिम दिन सभी दलों के बड़े नेताओं ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित कई दिग्गजों ने एनडीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। वहीं, महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव ने कई सभाएं कीं। कांग्रेस के दिग्गजों ने भी जोरदार प्रचार किया। पहले चरण में बिहार के जिन 18 जिलों में मतदान होना है उसमें गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर एवं बक्सर शामिल है। इन जिलों के 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इनमें 102 सामान्य सीटें और 19 सुरक्षित सीटें हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 1193 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 95 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने 45,341 बूथ बनाए हैं। इनमें 36,733 बूथ ग्रामीण क्षेत्रों में और 8,608 बूथ शहरी क्षेत्रों में हैं। कुल 45,324 मुख्य बूथ और 17 सहायक बूथ होंगे। मतदान कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। पहले चरण की 121 सीटों में पटना जिले की 14 सीटें शामिल हैं। मोकामा सीट पर हत्याकांड और आनंद सिंह की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश की नजर है। महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव की किस्मत का फैसला भी होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार ने दी कार्तिक पूर्णिमा की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि यह शुभ दिन राज्य में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये, यही हमारी कामना है।

### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआइआर दर्ज कराई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है। दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया- यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए।

### बिहार में बीएड इंट्रेंस का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी की तरफ से बीएड इंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स अपना रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। बिहार बीएड में 4 वर्षीय कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। बिहार बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 सितंबर को शुरू हुई थी। इसमें आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स को 26 सितंबर तक का समय दिया गया था। इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर को किया गया था।

### मुकेश सहनी के भाई ने राजद के बागी प्रत्याशी का किया समर्थन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले मुकेश सहनी ने वीआईपी के अध्यक्ष और अपने भाई संतोष सहनी को दरभंगा जिले की गौड़ाबौराम सीट से बिठाकर राष्ट्रीय जनता दल के लालटेन सिंबल पर चुनाव लड़ रहे राजद के बागी अफजल अली खान का समर्थन कर दिया है। सत्ता विरोधी वोट बंटने से दोनों की हार का खतरा था। राजद ने अफजल को मनाने की कोशिश की लेकिन वो पीछे हटने को तैयार नहीं थे। सहनी ने भाई को बिठाने को बड़ी लड़ाई के लिए छोटा त्याग कहा है। मुकेश इस सीट पर भाई के लिए काफी मेहनत कर रहे थे।

### दो गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दीघा पुलिस ने अटल पथ पर वाहन चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पीछा करके पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान राज आर्या के पास से एक पिस्टल का मैगजीन बरामद हुआ।

## पुलिस की ट्रेनिंग कर लौटे सिपाही पुत्र और पिता को ट्रक ने रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के सासाराम में देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। बिहार पुलिस की ट्रेनिंग से छुट्टी लेकर घर लौटे ट्रेनी सिपाही जितेंद्र शर्मा और उनके 65 वर्षीय पिता गणेश शर्मा को एक अनियंत्रित ट्रक ने बेरहमी से कुचल दिया। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर ताराचंडी के पास हुई। इस घटना में मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र शर्मा हाल ही में बिहार पुलिस में चयनित होकर ट्रेनी सिपाही के रूप में मुजफ्फरपुर में तैनात थे। नेपाल सीमावर्ती इलाके में उनकी ट्रेनिंग चल रही थी। सोमवार को ही छुट्टी लेकर वे अपने पैतृक गांव भानस ओपी के मचखोरा मठिया गांव पहुंचे थे। जितेंद्र अपने बुजुर्ग पिता गणेश शर्मा के स्वास्थ्य की चिंता में थे जो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पिता-पुत्र का यह साथी सफर आखिरी साबित हुआ। सोमवार की शाम जितेंद्र अपने पिता को लेकर डिहरी-ऑन-सोन के एक निजी क्लीनिक पहुंचे। गणेश शर्मा का इलाज कराने के बाद दोनों देर रात बाइक पर सवार होकर सासाराम लौट रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर धौड़ाढ थाना क्षेत्र के ताराचंडी के पास पहुंचते ही अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की लेकिन वह बाइक को रौंदते हुए सड़क किनारे ले गया। हादसे की तीव्रता ऐसी थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही जितेंद्र के घर में हाहाकार मच गया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## 2005 से पहले बिहार में था भय का माहौल : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मसौढी के डीएन कॉलेज खेल मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने जदयू प्रत्याशी अरुण मांझी के पक्ष में वोट देने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू नगर अध्यक्ष अश्विनी उर्फ गोल्डी ने जबकि मंच का संचालन भाजपा के रवीन्द्र सिंह ने किया। अपने संबोधन में नीतीश कुमार ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान करने के साथ विपक्ष पर निशाना भी साधा। इस दौरान उन्होंने जनता से एनडीए सरकार को एक बार फिर मौका देने की अपील की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में भय, अपराध और अराजकता का माहौल था लेकिन हमारी सरकार आने के बाद राज्य में अमन-चैन और कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि अब बिहार में लोग देर रात तक निश्चिंत होकर अपने काम पर जा सकते हैं जबकि पहले लोग इसी मसौढी में शाम ढ़लते ही घरों में कैद हो जाते थे। उन्होंने कहा कि सड़कें और बिजली बहुत कम जगह पर थी। पहले हिंदु-मुसलमान में झगड़ा होता था। हमलोग 2006 से ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा रहे हैं। अब कोई झगड़ा नहीं होता है। 2016 के बाद 60 वर्ष से पुराने हिंदु मंदिरों की घेराबंदी की गई है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमलोगों ने विशेष ध्यान दिया। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का जिक्र करते हुए नीतीश कुमार ने बताया कि 2006 में सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की सुविधा शुरू की गई थी। तब केवल छह मेडिकल कॉलेज थे, आज 27 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग 15 साल सत्ता में रहे, उन्होंने विकास नहीं किया, सिर्फ परिवारवाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों के लिए काम किया है। उन्होंने घोषणा की कि सभी पंचायतों में चार करोड़ की लागत से विवाह भवन बनाए जाएंगे और 430 नई योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में विकास की रफ्तार और तेज हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही है। कार्यक्रम में मनीष वर्मा, शैलेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मुख्य पार्षद पिंकी देवी, शाहिद आलम, शंभू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा समेत एनडीए समर्थक शामिल रहे।




## देशभर में भटक रहे बिहार के मजदूर : राहुल गांधी

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद तथा कुटुम्बा में जनसभाओं को किया संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के तहत मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद जिले के पकहा तथा कुटुम्बा मैदान में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया है। जिस धरती पर कभी नालंदा जैसी विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी थी, वहां के युवा आज रोज़गार के लिए देशभर में भटक मजदूरी करने को मजबूर हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए नेताओं पर झूठे वादों और जनता को बरगलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी के किसी वादे पर अब विश्वास करना मुश्किल है। उन्होंने हर मौके पर जनता को सपने दिखाए लेकिन पूरा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो बिहार में ऐसी विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी जहां चीन और जापान के छात्र भी पढ़ने आएंगे। छठ पूजा के बहाने मोदी पर कटाक्ष करते हुए राहुल ने कहा कि दल्ली में नकली यमुना बनाकर बिहार की आस्था का मजाक उड़ाया गया। जब भेद खुल गया तो सारा ड्रामा बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में जो सरकार चल रही है वह असल में मोदी-शाह के रिमोट कंट्रोल से संचालित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जानती है कि बिहार में वे जनता का विश्वास नहीं जीत सकते, इसलिए वे अब वोट चोरी की राजनीति में लगे हैं लेकिन बिहार के लोग उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान ही देश की आत्मा है और इसी से दलितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार जाति या धर्म की नहीं बल्कि सबकी होगी-ऐसी सरकार जो रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगी। हम 'मेड इन चाइना' नहीं, 'मेड इन बिहार' का सपना साकार करेंगे। युवाओं (शेष पृष्ठ 11 पर)



## भारी मात्रा में हथियार और कैश बरामद, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पटना में पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पटना नगर पश्चिमी क्षेत्र में संचालित ऑपरेशन जखीरा के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दानापुर, मनेर, बिहटा और नौबतपुर थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, नकदी और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों ने देर रात तक अभियान चलाया। छापेमारी में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 8 अवैध हथियार, 58 जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, एक मोबाइल, सात एटीएम कार्ड और 24 लाख 41 हजार 470 रुपये नकद बरामद किए हैं। गुप्त सूचना पर सुल्तानपुर शनिचरा के पास छापेमारी की गई। मौके से एक देसी कट्टा, 40 जिंदा कारतूस, एक मोबाइल और सात एटीएम कार्ड बरामद हुए। पुलिस को आशंका है कि यह सामान और रकम चुनाव के दौरान अवैध उपयोग के लिए रखी गई थी। छापेमारी में तीन देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो लूट की वारदात की योजना बना रहा था। विशनपुरा में कार्रवाई कर दस जिंदा कारतूस और 22 लाख 98 हजार 970 रुपये नकद जब्त (शेष पृष्ठ 11 पर)

## माई-बहिन योजना के तहत महिलाओं को एकमुश्त देंगे 30 हजार : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार (4 नवंबर) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि अगर हमारी सरकार बनती है तो माई बहिन योजना के तहत एक साल की पूरी राशि 30 हजार रुपए एक साथ महिलाओं के खाते में भेजेंगे। माई बहिन योजना के तहत राजद ने महीने में ढाई हजार देने का वादा किया है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार बनने के बाद 14 जनवरी को हमारी सरकार एक साल का पैसा एक साथ देगी ताकि महिलाओं को इसका फायदा हो सके। साथ ही जीविका दीदी कम्युनिटी मोबलाइजर को स्थायी करेंगे। उन्हें 2 हजार हर महीने देंगे। तेजस्वी यादव ने घोषणा की कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद 14 जनवरी 2026 को महिलाओं के बैंक खातों में यह राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना बिहार की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। साथ ही उन्होंने किसानों को खेती के लिए मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया।



## पिछले 20 वर्षों से सीएम नीतीश ने प्रदेश को विकास का एक नया रोडमैप दिया : कोमल सिंह

**– विनय कुमार**

**पटना।** बिहार में अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ने के लिए चुनावी मैदान में उतरी जनता दल (यू) की कोमल सिंह ने अपने तेजतर्रार प्रचार और नई सोच से गायघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को आकर्षित किया है। श्रीमती सिंह गायघाट क्षेत्र का कायाकल्प करने के विचार और विकास की नई सोंच के साथ मैदान में उत्तरी हैं तथा जनता के बीच लगातार पसीना बहा रही हैं। सांसद वीणा सिंह और विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रसाद सिंह की बेटी कोमल सिंह को जदयू ने मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट से चुनावी मैदान में उतारा है। गायघाट विधानसभा चुनाव क्षेत्र में मोटरसाइकिल से कोमल सिंह धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है। सुश्री सिंह से प्रचार के दौरान यह पूछा की गायघाट को लेकर आपकी क्या सोंच है और किस तरीके से यहां आप बदलाव लाएंगी तो उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 20 वर्षों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास का एक नया रोडमैप दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल को बिहार के अलग अलग इलाकों में उतारा गया है लेकिन गायघाट जैसे इलाके में महागठबंधन का विधायक होने की वजह से क्षेत्र 20 वर्ष पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का विकास पूरे बिहार में दिख रहा है, उसी सडक गायघाट को भी लाना है। यह पूछने पर कि बिहार की जनता फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर क्यों विश्वास करे, श्रीमती सिंह कहती हैं कि एनडीए ने साबित किया है कि बिहार में विकास की नई धारा बह रही है और जंगलराज का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास की पुरानी पहचान शिक्षा, संस्कार और बेहतर जिंदगी प्रदेश में वापस लौटी है। उन्होंने कहा कि एनडीए इसलिए जरुरी है कि बिहार में घटा हुआ अपराध धीरे धीरे शून्य हो जाये। उन्होंने कहा कि बिहार में शहरों से लेकर कस्बों तक विकास एनडीए सरकार की देन है। बिहार की जनता भी जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व ने देश का मान बढ़ाया है और बिहार भी उसमें पीछे नहीं है। बिहार में जातिवाद हर चुनाव में हावी रहता है, इस प्रश्न के उत्तर में सुश्री कोमल कहती है कि बिहार की जनता अब जात पात से ऊपर उठ चुकी है। यहां सिर्फ लोग अब विकास की बात करते हैं। बिहार के लोगों ने कौशल विकास से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को एनडीए सरकार के काल में देखा है, इसलिए उन्हें अब जाति से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि सोच बदल रही है और चुनाव में यह परिवर्तन भी साफ तौर पर दिखेगा। गायघाट की जनता पुराने विधायक से उब चुकी है और अब वह विकास के इंतजार में जाति से उपर उठकर एनडीए को समर्थन देगी। एनडीए और महागठबंधन में किसकी बनेगी सरकार, इस सवाल के जवाब में कोमल सिंह कहती हैं कि महागठबंधन के लोग सिर्फ छूठ और फरेब की राजनीति कर लोगों को गुमराह करते हैं जबकि एनडीए का मकसद सिर्फ और सिर्फ विकास है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने बिहार में 20 वर्षों के शासन में विकास करके दिखाया है, जबकि राजद ने बिहार में 15 वर्षों तक जंगलराज स्थापित कर बिहार को बहुत पीछे धकेल दिया था। जनता जंगलराज नहीं विकास चाहती है, इसलिए बिहार की जनता कह रही है, एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री फिर होवे नीतीश कुमार।

## हम प्रत्याशी दीपा कुमारी की प्रचार गाड़ी से शराब जब्त!

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के क्रम में मंगलवार को गया के गुरारू विधानसभा क्षेत्र में एक पिकअप वैन से 17 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस गाड़ी पर इमामगंज से हम सेकुलर की प्रत्याशी दीपा कुमारी का फ्लैक्स बैनर टंगा था। वे केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझीकी बहू व बिहार सरकार के मंत्री व हम के अध्यक्ष डा. संतोष कुमार की पत्नी हैं। संतोष कुमार ने कहा है कि जिस गाड़ी से शराब जब्त की गई है वह गाड़ी उनकी पार्टी की नहीं है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि गुरारू-अहियापुर स्टेट हाइवे 69 पर रौना रेल समपार फाटक के समीप गाड़ी जब्त की गई है। इस मामल में वाहन चालक व मालिक पर एफआइआर की गई है। जांच की जा रही है कि वाहन को चुनाव प्रचार की अनुमति थी या नहीं।

# हर तीन में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज, 43 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**▸ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : अपराध, संपत्ति और सियासत का संगम ▸ दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों से जुड़ी एडीआर रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के उम्मीदवारों पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच की ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर चुनावी राजनीति की सच्चाई को आईने की तरह सामने रख दिया है। 122 विधानसभा क्षेत्रों के 1297 उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि सत्ता की दौड़ में उतरने वाले हर तीन में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है और हर चार में से लगभग दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 1297 में से 415 उम्मीदवार (32 प्रतिशत) ऐसे हैं जिन्होंने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से 341 (26 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। हैरत की बात यह है कि 193 उम्मीदवारों पर हत्या और 79 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज हैं। इतना ही नहीं, 52 उम्मीदवार महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े अपराधों में आरोपी हैं जबकि 3 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर बलात्कार के मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की है। राजनीतिक दलों के स्तर पर विश्लेषण और भी दिलचस्प तस्वीर पेश करता है। गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सबसे ऊपर है जहां 15 में से 9 (60 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक केस दर्ज हैं। इसके बाद भाकपा (माले) के 6 में से 4 (76 प्रतिशत) और कांग्रेस के 37 में से 20 (54 प्रतिशत) उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके ऊपर गंभीर आरोप हैं। भाजपा के 53 में से 22 (42 प्रतिशत), राजद के 70 में से 27 (39 प्रतिशत) और जनता दल यूनाइटेड के 44 में से 11 (25 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी, सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे लगभग हर बड़े दल ने 'दागदार' उम्मीदवारों को टिकट दिया है। चुनाव में अपराध के साथ धनबल भी खुलकर झलकता है। रिपोर्ट बताती है कि 562 उम्मीदवार (43 प्रतिशत) करोड़पति हैं। औसतन प्रत्येक उम्मीदवार की संपत्ति 3 करोड़ 44 लाख रुपये है। इस धन-संपन्नता के बीच यह सवाल फिर खड़ा होता है कि क्या राजनीति गरीबों की आवाज बनेगी या अमीरों का अखाड़ा। शैक्षिक योग्यता पर गौर करें तो 528 उम्मीदवार (41 प्रतिशत) ने अपनी पढ़ाई 5वीं से 12वीं कक्षा तक जबकि 627 उम्मीदवार (48 प्रतिशत) ने स्नातक या उससे अधिक शिक्षा प्राप्त की है। दिलचस्प रूप से 217 उम्मीदवार केवल साक्षर हैं और 9 ने स्वयं को असाक्षर बताया है। यह दर्शाता है कि बिहार की राजनीति में शिक्षित और अल्पशिक्षित दोनों तबके समान रूप से सक्रिय हैं, लेकिन नीतिगत दृष्टि से शिक्षित उम्मीदवारों की भागीदारी से अपेक्षित सुधार अब तक नहीं दिख रहा। आयु वर्ग के विश्लेषण से यह साफ है कि राजनीति अब भी मध्यम आयु वर्ग के नेताओं के हाथों में केंद्रित है। 445 उम्मीदवार (34 प्रतिशत) की उम्र 25 से 40 वर्ष जबकि 680 (52 प्रतिशत) की 41 से 60 वर्ष के बीच है। 170 उम्मीदवार (13 प्रतिशत) साठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हैं और दो उम्मीदवार 80 वर्ष से अधिक के हैं। यानी राजनीति में युवाओं की एंट्री भले हो रही हो, पर निर्णायक भूमिका अब भी वरिष्ठ नेताओं के पास है। सबसे निराशाजनक आंकड़ा महिलाओं की भागीदारी से जुड़ा है। 133 महिलाएं (10 प्रतिशत) ही चुनावी मैदान में हैं। यानी बिहार जैसे बड़े राज्य में हर दस में से केवल एक उम्मीदवार महिला है – यह स्थिति राजनीतिक दलों के महिला सशक्तिकरण के दावों को खोखला साबित करती है। एडीआर की यह रिपोर्ट बताती है कि बिहार की राजनीति में अपराध, पूंजी और पुरुष वर्चस्व का त्रिकोण अब भी कायम है। लोकतंत्र के लिए यह आंकड़े केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि यह सवाल भी है कि क्या जनता अपने प्रतिनिधियों के चयन में इन तथ्यों पर गौर करेगी?

### पटना महानगर के विकास में कई आयाम जुड़े

## जनता ने संपर्क अभियान में खूब आशीर्वाद दिए : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना ।** पटना के बांकीपुर से भाजपा के प्रत्याशी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन, दीघा के प्रत्याशी संजीव चौरसिया और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा ने आज मीडिया सेंटर में संयुक्त पत्रकार वार्ता में एनडीए की जीत का दावा करते हुए कहा कि फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। बिहार के मंत्री और बांकीपुर से भाजपा के प्रत्याशी नितिन नवीन ने कहा कि पटना महानगर के विकास में जो आयाम जोड़ा गया है, उसे लेकर जनता ने संपर्क अभियान में हम लोगों को खूब आशीर्वाद दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि महानगर की चार सीटों पर हम नहीं, जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर में प्रचार अभियान जनता ने खुद संचालित किया। हमारे पूर्व के नेताओं ने भी महानगर की सेवा की है और जनता का अगर आशीर्वाद मिला तो हम आगे और तेज गति से काम करेंगे। उन्होंने कई समस्याओं के समाधान को गिनवाते हुए कहा कि बेहतर काम हुए हैं। आने वाले समय में पटना एक बेहतर राजधानी का स्वरूप लेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी हम यहां के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने ही साबित कर दिया कि इस बार पटना महानगर की सभी चार सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी। दीघा के भाजपा प्रत्याशी संजीव चौरसिया ने कहा कि पटना के विकास इसलिए है कि जनता का विश्वास है। पूरे बिहार का विकास देखना हो तो पटना दिखता है। पटना में समग्र विकास का चिंतन इसलिए भी है कि भाजपा के कार्यकर्ता इसे पीढ़ी दर पीढ़ी सींचते आए हैं। उन्होंने कहा कि पटना में कमल है और रहेगा। हम सभी जनता के बीच सेवा के भाव के साथ आगे भी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने मतदाताओं से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि महानगर का वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम करें। इधर, पटना साहिब के प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पटना के हर दिल में कमल है और पटना के हर घर में भाजपा है और भाजपा के दिल में पटना के विकास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में पटना साहिब की जनता खुद उतरी। यहां के लोगों के दिल में भाजपा बसती है। उन्होंने कहा कि पटना का विकास हुआ है लेकिन अभी और आगे बढ़ाना है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि हम सब मिलकर पटना को स्वस्थ, सुंदर बनाएंगे। आज के प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू उपस्थित रहे।

## मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीघा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

**राहुल-तेजस्वी बेइमान बबुआ, जनता को लुभाने की कर रहे कोशिश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली/पटना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को बिहार पहुंचे। यहां शिवराज सिंह ने पटना जिले की दीघा विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव चौरसिया के समर्थन में आशियाना फेस वन, मौर्य पथ पर विशाल जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री बाइक रैली में भी शामिल हुए। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आरजेडी ने 15 सालों में बिहार को क्या दिया है, अब जब करारी हार सामने खड़ी दिखाई दे रही है तो बौखला गए हैं, झूठी घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि ये झूठों के सरदार हैं। कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं, ये भस्मासुर हैं। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और तेजस्वी ये दो बेईमान बबुआ जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता तो तय कर चुकी है और बिहार में भारी बहुमत से एनडीए आ रही है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी जब भी बिहार आते हैं तो कभी मछलियां पकड़ते हैं तो कभी जलेबियां तलते हैं।

## पहले चरण में एनडीए की शानदार बढ़त से विपक्ष हताश : मंगल पाण्डेय

**बिहार की आधी आबादी का एनडीए को पुरजोर समर्थन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि पहले चरण के मतदान में एनडीए की शानदार बढ़त से विपक्ष हताशा में है। बिहार की आधी आबादी यानी महिलाओं का एनडीए को पूरजोर समर्थन मिल रहा है जिससे विपक्ष के मंसूबे पर मतदान के पहले ही पानी फिर गया है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का प्रचार भले थम गया है, लेकिन मतदाता अपना निर्णय कर चुका है। इस चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार के मतदाता विकास के साथ हैं। इस चरण में पौने दो करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार पर भरोसा है।

## वोट है तो ताकत है, वोट है तो हिम्मत : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की पटना जिला स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत और यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पाटलिपुत्र यूनिट की ओर से क्राइस्ट चर्च डायोसेशन स्कूल, खगौल, पटना में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार की लोकगायिका व पटना जिला की स्वीप आइकॉन एवं पटना जिला, नमामिगंगे और स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर डॉ. नीतू नवगीत ने स्कूल शिक्षकों एवं छात्रों को मतदान में शामिल होने एवं मतदाताओं के बीच जागरुकता लाने का शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार होते हैं। हायर सेकेंडरी के जिन बच्चों ने 18 साल की उम्र पूरी कर ली है वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें जिनकी उम्र अभी 18 वर्ष नहीं है, बच्चे अपने माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्यों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है और लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व भी चुनाव ही है। वहीं रेलवे सेकेंडरी स्कूल, खगौल के प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सदस्यों को शपथ दिलाए। जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें 500 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर करके मतदान करने की शपथ ली। आमजन के बीच जागृति फैलाने के उद्देश्य से खगौल के 500 से अधिक छात्रों ने मिल कर नगर में जागरूकता रैली निकाली। इस के अलावा स्कूली छात्रों के बीच, मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित विषय पर, पोस्टर मेकिंग, गायन, भाषण आदि प्रतियोगिता कराया भी गया। आम मतदाताओं के हस्ताक्षर अभियान और सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस सभी कार्यक्रम में करीब 700 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ नीतू कुमारी नवगीत, अतिथि, श्री ज्ञानेश्वर और कार्यक्रम में सहयोग देकर सफल बनाने के लिए क्राइस्ट चर्च स्कूल परिवार के डॉ पवन अग्रवाल, सुनंदा अग्रवाल, प्रज्ज्वल अग्रवाल को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मधुकर, पाटलिपुत्र यूनिट के उपाध्यक्ष, डॉ पवन अग्रवाल, सचिव नम्रता आनंद, संजीव कुमार जवाहर, प्रज्ज्वल अग्रवाल, अनिता कुमारी, विकास कुमार, चंद्र शेखर भगत, अशोक कुमार, सुरेश प्रसाद, रवि रंजन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने की मतदान की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शहनाई वादक भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का मतदान करना न केवल अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा मतदान से ही मजबूत सरकार बनती है, इसलिए हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। अपने क्षेत्र, अपने देश के विकास में योगदान देने का यही सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस लोक उत्सव में भाग ले सकें।

## एनडीए ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया बिहार चुनाव के प्रथम चरण का प्रचार अभियान : धर्मेंद्र प्रधान

**एनडीए सरकार बिहार को न्यू एज इकोनॉमी की ओर ले जाएगी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि प्रथम चरण के मतदान के चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने सफलतापूर्वक प्रचार अभियान चलाया। पटना के भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ हमलोग एकजुट होकर 11 साल केंद्र में और 20 साल बिहार में सरकार चला रहे हैं। एक बार और हमलोग जनादेश के लिए जनता के पास गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे सामने तालमेल वाला गठबंधन का चेहरा नहीं है। कितनी सीट में कौन पार्टी चुनाव लड़ रहा है, कौन सीट पर गठबंधन का कौन प्रत्याशी है, इसकी कोई स्पष्टता नहीं है। यही नहीं नीतियों की भी स्पष्टता नहीं दिखती। उन्होंने आगे महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर तंज कसते हुए कहा कि वे आसमान से चांद, तारा, सब कुछ देने के वादे का बड़बोलापन है जबकि उसके विकल्प में 20 सालों की काम की उपलब्धि लेकर हम गए हैं। हमलोग संकल्प पत्र में अगले पांच साल में किए जाने वाले कार्यों को भी रखा है। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि इस बार एनडीए सरकार न्यू एज इकोनॉमी की ओर ले जाएगी। बिहार की जो मेधाशक्ति है उससे देश की अर्थनीति प्रभावित होती है। इस बार के संकल्प पत्र में कहा गया है कि बिहार ग्लोबल जॉब मार्किट में मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म सेक्टर हो या सर्विस सेंटर, सभी में बिहार का इम्पैक्ट ग्लोबल स्तर पर है। इस बार आने वाले समय में संकल्प किया है कि इसके पार्ट बिहार में शुरू होंगे। इससे नए रोजगार के सृजन होंगे। उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 70 प्रतिशत मतदान जरूर करें। प्रजातंत्र में मत बड़ा हथियार है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि एनडीए इस चुनाव में बहुत बड़ी बढ़त के साथ आगे बढ़ चुका है, 14 का रिजल्ट उसका प्रमाण होगा। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एवं विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख, प्रदेश मंत्री संतोष रंजन राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल और सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू भी उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने मौके पर मौजूद डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीजों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बंसल ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। एक वोट से देश और प्रदेश की दिशा बदल सकती है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वालों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, डॉ पूनम नंदन, महावीर अग्रवाल, प्रशांत बंका, सचिव दिनेश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, डॉ संजय संथालिया, सलोनी, डॉ स्पर्श गोयल, डॉ हिमांशु शेखर, डॉ गीता जैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी भाग लिया। सभी ने निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा 'पहले मतदान, फिर जलपान' कार्यक्रम के अंत में हनुमान गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अमर प्रेम भवन में, पहले मतदान, फिर जलपान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज अमर प्रेम भवन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के अंबाला से आए सामाजिक कार्यकर्ता असीम गोयल ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में श्री गोयल ने कहा कि 'मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। एक वोट से देश और प्रदेश की दिशा बदल सकती है।' उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वालों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल सहित शिव कुमार गुप्ता, रमेश मोदी, राजकुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, राजकुमार सर्राफ, पवन भगत, सूर्य नारायण, श्याम भरतिया, राजेश कुमार, निर्मल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौरव सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा – 'पहले मतदान, फिर जलपान!' कार्यक्रम के अंत में अमर अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आईआईएम बोधगया और बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया(गयाजी)।** आईआईएम बोधगया और बिहार पुलिस अकादमी (बीपीए), राजगीर के बीच 3 नवम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य बिहार के सरकारी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के लिए नेतृत्व विकास, क्षमता निर्माण और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनिता एस. सहाय और बिहार पुलिस अकादमी के नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस साझेदारी के तहत आईआईएम बोधगया को बिहार पुलिस अकादमी का लीडरशिप एंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट पार्टनर नियुक्त किया गया। इस सहयोग का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और निर्णय लेने की योग्यता को मजबूत करना है। इसके लिए आईआईएम बोधगया विशेष रूप से तैयार किए गए प्रबंधन और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह साझेदारी शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से सार्वजनिक संस्थानों को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र-निर्माण के प्रति आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनिता एस. सहाय ने कहा कि यह समझौता सार्वजनिक प्रशासन में आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में पुलिस व्यवस्था से केवल परिचालन उत्कृष्टता की अपेक्षा नहीं है, बल्कि ऐसी नेतृत्व क्षमता की भी आवश्यकता है जो सहानुभूति, नैतिकता और दूरदर्शिता पर आधारित हो। यह सहयोग ऐसे सार्वजनिक लोकसेवा कर्मी के विकास में योगदान देगा जो शासन और कानून-व्यवस्था के बदलते परिवेश में प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे। बिहार पुलिस अकादमी के नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि प्रबंधन में संरचित प्रशिक्षण सक्रिय और दूरदर्शी अधिकारियों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है जो जटिल परिस्थितियों में प्रभावी निर्णय ले सकें और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। बिहार पुलिस अकादमी का लक्ष्य सार्वजनिक सेवा प्रशिक्षण के क्षेत्र में प्रमुख केंद्र बनना है जो आईआईएम बोधगया की प्रबंधन शिक्षा में विशेषज्ञता के अनुरूप है।

## गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में मनी बैकुंठ चतुर्दशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में बैकुंठ चतुर्दशी मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. रणबीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी नम्रता के साथ बैकुंठ चतुर्दशी पर्व, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, स्थित शंकर भगवान एवं राम दरबार में मनाया। इस अवसर पर शिवलिंग की पूजा तुलसी की माला से की गई एवं श्रीहरि विष्णु की पूजा बेलपत्र से किया गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु के समक्ष 365 बत्ती के साथ दीपदान किया गया। ऐसी मान्यता है कि यदि वर्ष में भगवान के समक्ष दीपदान नहीं किए हों तो आज के दिन पूरे वर्ष के लिए 365 बत्ती के साथ दीपदान करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु और भगवान श्री शंकर जी का मिलन होता है। भगवान श्रीहरि देवउठनी एकादशी पर योगनिद्रा से बाहर आने के बाद कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को भगवान शिव से मिलते हैं। भगवान शिव उन्हें श्रृष्टि के संचालन का दायित्व संभालने को देते हैं और उसके बाद मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। पृथ्वी लोक पर रहने वाले प्राणी को इस दिन व्रत और जगत के पालनहार की पूजा करने से मृत्यु के बाद यमलोक की पीड़ा नहीं सहनी पड़ती। उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# डिहरी में राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी के समर्थन में महिलाओं का जनसैलाब

## मुख्य पार्षद शशि कुमारी के नेतृत्व में चला जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विधानसभा चुनाव को लेकर डिहरी विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ता जा रहा है। मुख्य पार्षद शशि कुमारी के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों और सैकड़ों महिलाओं ने शहर के शिवगंज सहित कई मुहल्लों में घर-घर जाकर लालटेन छाप पर मोहर लगाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से स्वागत किया और राजद प्रत्याशी की भारी जीत का भरोसा दिलाया। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्य पार्षद को मोहल्लेवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विकास के नए दौर की दी गई गारंटी। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई। इस मौके पर पार्षद मीना देवी, कलावती देवी, राजद के वरिष्ठ नेता राजू सिंह, शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने कहा कि जिस तरह शहर में विकास की दिशा बदली है, उसी तरह अब पूरा डिहरी विधानसभा क्षेत्र भी विकास के नए युग में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि राजद की नीति और गुड्डू चंद्रवंशी का जनसंपर्क जनता के बीच गहरा प्रभाव छोड़ रहा है। जनता इस बार डिहरी में लालटेन की रोशनी से विकास की नई किरण जगाने का मन बना चुकी है। उधर राजद प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के भैसहां भलुआड़ी सहित कई गांवों का दौरा किया। जगह-जगह स्वागत किया गया। लोगों ने कहा कि इस बार तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है तो लालटेन पर मुहर लगा कर गुड्डू चन्द्रवंशी को जीताना है।



# डिहरी की बहू बनेगी सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा, पीएम ने दी बधाई

**मदन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सुप्रसिद्ध गायिका बिहार की बेटी स्वाति मिश्रा डिहरी के गांधी नगर निवासी मोहित संग आगामी 29 नवम्बर को वैवाहिक बन्धन से बंधेगे। मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे। राम आएंगे राम आएंगे जैसे गीतों से विश्वस्तर पर चर्चा हुई थी। घर-घर में इस गीत को सुना गया था। राममंदिर के उद्घाटन के समय स्वाति के इस गीत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कायल हुए थे। अब तक इस गीत को 44 मिलियन से अधिक बार देखा और सुना गया है। लोकप्रियता के बाद उन्हें राम मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने 'मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे' भजन भी गाया था।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने स्वाती के शादी को ले बधाई और शुभकामना दी थी। उन्होंने स्वाति के माता मीरा देवी व पिता राजेश कुमार को भेजे पत्र में कहा है कि निमन्त्रण पाकर प्रसन्नता व्यक्त किया है। कहा है कि शुभ लग्न की बेला जीवन में खुशियों की सौगात लाए। विश्वास और मित्रता की डोर से दोनों सदैव बंधे रहे। रिश्ते में स्नेह रहे। बेहतर ताल मेल से जीवन आगे बढ़े और समय के साथ संबंध और अधिक गहरा और मजबूत बनाने की कामना भी की है।

रोहतास के डिहरी के मोहित की प्रारम्भिक पढ़ाई यहां के डीएवी स्कूल से हुई। लकड़ी व्यवसाय से जुड़े इनके पिता चितरंजन चौधरी की इच्छा पुत्र मोहित को इंजीनियर बनाने की थी। उसे कोचिंग के लिए कोटा भेजा, लेकिन इनका लगाव गीत संगीत में बढ़ने लगा था। वे स्नातक की डिग्री वाराणसी में ली। 2021 में मुम्बई को रुख किया। वही उनकी मुलाकात स्वाति मिश्रा से हुई। उसने 2021 में मोहित म्यूजिक के नाम से स्टूडियो खोला। गाने का दौर शुरू हुआ। अब तक चार सौ से अधिक गाने दोनों ने मिलकर गाए। मोहित ने बताया कि स्वाति इंडियन आइडल रियलिटी शो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने एमोरी यूनिवर्सिटी से पब्लिक हेल्थ में मास्टर डिग्री और बायोलॉजी में बैचलर्स डिग्री भी हासिल की है। स्वाति छपरा जिले के माला गांव की रहने वाली है। स्कूल की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय सीवान की है और ग्रेजुएशन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी वाराणसी से किया है। इनके पिता झारखण्ड के बोकारो में कार्यरत है।



# डिहरी को शिक्षा, रोजगार और विकास का मॉडल बनाना लक्ष्य : प्रदीप ललन सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे डिहरी विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज की लहर तेज होती जा रही है। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप ललन सिंह चंद्रवंशी के पक्ष में लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। विधानसभा क्षेत्र के भूसहुला, सिधौली, चैनपुर, हुरका सहित दर्जनों गांव तथा विभिन्न पंचायतों, गांवों और बाजारों में चल रहे जन संपर्क अभियान के दौरान लोगों ने कहा कि इस बार वोट जाति या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर दिया जाएगा। ग्रामीणों और युवाओं ने एक सुर में कहा – 'इस बार वोट सिर्फ अपने बच्चों के भविष्य के लिए, शिक्षा और रोजगार के लिए।' जनता ने अपील की है कि चार नंबर पर बटन दबाकर 'स्कूल का बस्ता' छाप पर मोहर लगाएं और प्रदीप ललन सिंह चंद्रवंशी को भारी मतों से विजयी बनाएं। प्रत्याशी प्रदीप ललन सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि डिहरी विधानसभा को शिक्षा, रोजगार और विकास का मॉडल बनाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता ठोस मुद्दों पर फैसला ले और डिहरी को एक नई दिशा दे। लोगों का कहना है कि जन सुराज का संदेश गांव-गांव तक पहुंच चुका है और इस बार क्षेत्र में बदलाव की लहर साफ नजर आ रही है। जन सुराज के वरिष्ठ नेता आर के सिंह का कहना है कि डिहरी में जन सुराज की लहर, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर जनता एकजुट प्रदीप ललन सिंह चंद्रवंशी को भारी समर्थन मिल रहा है।



# बांके बाजार प्रखंड के 112 बूथों पर 86,480 मतदाता करेंगे मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांकेबाजार।** बांके बाजार प्रखंड में होने वाले चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड के कुल 112 बूथों पर 86,480 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 11 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल मतदाताओं में पुरुष मतदाता 45,397, महिला मतदाता 41,081 और अन्य मतदाता 2 हैं। प्रशासन ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी बूथों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। बांके बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ उदय कुमार ने मंगलवार को बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

# हनुमान नगर में अखंड हरि कीर्तन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर के चुन्ना भट्ठा स्थित हनुमान नगर के महावीर मंदिर परिसर में मंगलवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य जजमान व्याख्या नारायण सिंह ने बताया कि यह परंपरा पिछले 60-65 वर्षों से लगातार जारी है और पूरे मोहल्ले के लोग मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले सात वर्षों से स्वयं इस अखंड हरि कीर्तन में सक्रिय रूप से भाग ले रहा हूं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन की सबसे विशेष बात यह है कि 24 घंटे तक गायक खड़े होकर भजन गाते हैं जिससे भक्ति का माहौल और भी प्रगाढ़ हो जाता है। इस वर्ष के कीर्तन में लोकनाथ यादव, उमा विश्वनाथ, मंजीत यादव, हरिराम यादव सहित आठ कीर्तन मंडलियों के दर्जनों कलाकारों ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर रमाकांत सिंह, हरेराम सिंह, विजय सिंह, कृष्णा चौरसिया, जितेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/24 दिनांक- 04.11.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2025 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2025 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Offline Mop-up Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2025/21 एवं 2025/22 दिनांक 24.10.2025 के क्रम में BCECE-(PCM / PCB / PCMB)-2025 की संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा / चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** तथा BCECE (CBA / PCA / MBA/ MCA)-2025 के मेधासूची के आधार पर **कृषि धारा के 50% सीटों पर** नामांकन हेतु BCECE (PCM / PCB / PCMB / CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BCECE-2025 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की online Counselling के माध्यम से प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु अभ्यर्थियों से Willingness माँगा गया था। जिन अभ्यर्थियों ने दिनांक 25.10.2025 से दिनांक 31.10.2025 तक की अवधि में Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु अपना Online Willingness दिया है उनमें से PCM/ PCB/ PCMB/ CBA/ PCA/ MBA/ MCA Group के आधार पर होने वाले नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्तियों पर पात्रता-प्राप्त सभी **अभ्यर्थियों का कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार कार्यक्रम पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया गया है।** प्रकाशित किये गये कार्यक्रम अनुसार ही कॉउन्सेलिंग हेतु पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में उपस्थित होंगे।

**2.** (क) यदि निर्धारित कॉउन्सेलिंग के आधार पर सीट आवंटन प्रक्रिया पूरा नहीं हो सकेगी तो उसे अगले दिन पूरा करने के लिये सम्बन्धित अभ्यर्थियों को रूकना होगा ।

(ख) **उपलब्ध रिक्तियों को पुरी तरह भर जाने का ध्यान में रखते हुए कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु सहमति देने वाले कोटिवार सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों को कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है, अतः यदि निर्धारित तिथि एवं समय / तिथियों से पहले ही किसी कोटि की उपलब्ध सीटें भर जाती है तो उक्त कोटि की सीटों के भर जाने के बाद की निर्धारित कॉउन्सेलिंग स्थगित कर दी जायेगी। प्रतिदिन कॉउन्सेलिंग के उपरान्त रिक्तियों की कोटिवार विवरणी पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि रिक्तियों को देखते हुए ही कॉउन्सेलिंग में भाग लें।**

3. **कॉउन्सेलिंग से सम्बन्धित पूर्ण Details पर्षद के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध विज्ञापन सं.- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/23 दिनांक 04.11.2025 में देखा जा सकता है।**

परीक्षा नियंत्रक


# डिहरी में लोजपा (रा) का शक्ति प्रदर्शन

## सांसद अरुण भारती और प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह सोनू सिंह का भव्य रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विधानसभा चुनाव को लेकर डिहरी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए समर्पित (रामविलास) की ओर से मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन हुआ। जमुई के सांसद अरुण भारती ने लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के समर्थन में भव्य रोड शो किया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े हजारों लोगों ने फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया। रोड शो की शुरुआत सुअरा हवाई अड्डा से हुई जो वीर कुंवर सिंह चौक, रामारानी चौक, अंबेडकर चौक, ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब, अकोढ़ी गोला, राजपुर रोड, आयर कोठा, चांदी और जयपुर होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरा। पूरा मार्ग समर्थकों के नारों और जोश से गूंज उठा। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने वीर कुंवर सिंह, महात्मा गांधी और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सांसद अरुण भारती ने कहा कि डिहरी की जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है और लोजपा (रामविलास) को भारी मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि राजीव रंजन सिंह युवा, ऊर्जावान और विकास के लिए समर्पित नेता हैं।



# चैनपुर में इंडिया गठबंधन की वीआईपी उम्मीदवार के पक्ष में बैठक, राजद पर निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंडेश्वरी स्थित एक निजी होटल में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भभुआ के पूर्व विधायक रामचंद्र यादव सहित गठबंधन के कई नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र यादव ने राजद पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चैनपुर विधानसभा सीट से वीआईपी पार्टी के बालगोविंद बिंद महागठबंधन के अधिकृत उम्मीदवार हैं जो वीआईपी के सिंबल पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा ब्रिज किशोर बिंद की लुटिया डूबने वाली है। रामचंद्र यादव ने आगे कहा कि अगर किसी को थोड़ी-बहुत असमंजस है तो 7 नवंबर को चैनपुर के हाटा मैदान में तेजस्वी यादव की सभा में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने ब्रिज किशोर बिंद पर आरोप लगाया कि जो लोग कुछ दिन पहले लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को जेल भेजने की बात कर रहे थे, वही आज पार्टी में शामिल होकर टिकट पा गए हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है और बिहार में उसकी सरकार बनने जा रही है। मगर कुछ नेताओं की गलतियों से सीटों का समीकरण बिगड़ गया है। यादव ने बक्सर सांसद सुधाकर सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने रामगढ़ सीट जीतने के लिए कैमूर जिले की तीनों सीटों का समीकरण बिगाड़ दिया है। उन्होंने जातीय समीकरण के आधार पर चैनपुर और मोहनियां में ऐसे उम्मीदवार उतारे हैं, जिनसे रामगढ़ में अपने प्रत्याशी को फायदा मिले। पूर्व विधायक ने कहा कि यह पूरा खेल रामगढ़ सीट बचाने के लिए रचा गया है जहां से राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह का पुत्र चुनाव मैदान में है। यादव ने कहा कि जनता सब समझ रही है और आने वाले चुनाव में गलत राजनीति करने वालों को जवाब देगी।

# विधान सभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाव थाना की पुलिस ने भभुआ सवार पथ के ओरा मोड़ के पास थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा के नेतृत्व में बिहार पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सघन जांच अभियान चलाया। आप को बता दें कि बिहार विधान सभा चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है, चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए बेलाव पुलिस काफी सतर्क नजर आ रही है। पुलिस लगातार थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अर्द्ध सैनिक जवान की मदद से सघन वाहन जांच अभियान चला रही है तथा पुलिस गश्ती भी बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित रखने के दृष्टिकोण से पुलिस द्वारा क्षेत्र में निरंतर छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहनों की सभी जरूरी कागजात, हेलमेट, डिक्की की बारीकी से जांच किया जा रहा है। मौके पर एस आई मदन कुमार सहित बिहार पुलिस बल के साथ अर्द्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।




**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **विभा देवी (पति- राजबल्लभ प्रसाद, ग्राम- पथरा इंगलिश, पोस्ट-ओढ़नपुर, थाना- मुफस्सिल, जिला- नवादा )**

राजनैतिक दल का नाम : **जनता दल यूनाइटेड**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **237, नवादा विधानसभा क्षेत्र**

मैं **विभा देवी** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | विशेष न्यायालय एम.पी.एम.एल.ए अपर मुख्य न्यायालय I नवादा | नवादा नगर थाना कांड सं. 980/2020 | लंबित | 188 भा.द.वि तथा 09 लाउडस्पीकर अधिनियम, बगैर अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग विगत चुनाव में लाया गया था |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# चुनाव से 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर जिले में 6 नवंबर को होने वाले चुनाव मे जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान से 48 घंटे पूर्व से सभी प्रकार के चुनावी प्रचार-प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को शक्ति से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि साइलेंस अवधि के दौरान सार्वजनिक जनसभाओं, रेलिया, भाषणों, लाउडस्पीकर का प्रयोग, राजनीतिक प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि स्कूल, कॉलेज, धार्मिक स्थल या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रचार




संबंधी गतिविधियां वर्जित रहेगी। इस अवधि में यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो दो साल तक कि सजा या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी या राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई उपहार, पैसा या अन्य वस्तु वितरित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन एक प्रत्याशी एक ही वाहन उपयोग में ला सकता है। इसके अलावा एक वाहन चुनाव अभिकर्ता और एक वाहन कार्यकर्ता के लिए अनुमति दी जाएगी। वाहनों के लिए पास के लिए सिंगल विंडो में आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि सभी मतदान केदो पर पैरा मिलिट्री फ़ोर्स की तैनाती रहेगी। विधानसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कुल 20 हज़ार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। जिसमे अन्य जिलों से आए पुलिस बल, पैरा मिलिट्री फोर्स, होमगार्ड और चौकीदार भी शामिल है। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभी तक छह मामले दर्ज किए गए हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान से 48 घंटे पूर्व मदिरा बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित

## झारखंड के गिरिडीह एवं कोडरमा जिले में ड्राई डे घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियों के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने बताया कि निर्वाचनी कार्यों के समुचित संचालन हेतु जिला प्रशासन, नवादा द्वारा जिला प्रशासन गिरिडीह एवं कोडरमा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समन्वयात्मक बैठकें आयोजित की गई। इसी क्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, गिरिडीह राहुल कुमार यादव द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (सी) तथा झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा–26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण गिरिडीह जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेशानुसार मतदान तिथि 11 नवंबर 2025 को ध्यान में रखते हुए जिले में 09 नवंबर 2025 को संध्या 05:00 बजे से 11 नवंबर 2025 को संध्या 05:00 बजे तक तथा आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान की तिथि को भी शुष्क दिवस प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान गिरिडीह जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की बिक्री, परोसा जाना एवं वितरण पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। साथ ही सभी प्रकार की मदिरा दुकानों, बार, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, ढाबा तथा किसी भी थोक एवं खुदरा विक्रय केंद्र पूर्णतः बंद रहेंगे। किसी भी सार्वजनिक अथवा निजी स्थल पर शराब या मादक पेय पदार्थ के भंडारण, विक्रय अथवा वितरण की अनुमति नहीं होगी। सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियां इस अवधि में स्थगित मानी जाएंगी।

वहीं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, कोडरमा ऋतुराज के आदेशानुसार बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के मतदान (11 नवंबर 2025) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण कोडरमा जिला क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। यह व्यवस्था दिनांक 09 नवंबर 2025 को शाम 6:00 बजे से प्रभावी होगी और 11 नवंबर 2025 को मतदान समाप्त होने तक अर्थात शाम 6:00 बजे तक लागू रहेगी। इसके अतिरिक्त मतगणना की तिथि 14 नवंबर 2025 को भी पूरे जिले में मदिरा की बिक्री, भंडारण, परिवहन एवं सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के देशी, विदेशी मदिरा दुकान, बार, होटल, क्लब या अन्य प्रतिष्ठानों में शराब का व्यापार या सेवन पाए जाने पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण शांति, पारदर्शिता और कानून व्यवस्था के साथ संपन्न हो सके।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Pawan Kishore, WARD-7/14, MO-HATIYA, THANA+POST-SHERGHATI

Name of political party : Jan Suraaj Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 226- Sherghati

I Pawan Kishore a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1. | ACJM-1 Gaya | Case No 475/17 | Pending | Sec. 341, 323, 504, 506 of IPC (Wrongful restraint, Voluntarily causing hurt, Intentional insult, Criminal intimidation) |
| 2. | ACJM-1 Aurangabad | Case No 250/2020 | Pending | Sec. 379, 406, 411, 420, 34 of IPC (Theft, Criminal breach of trust, Dishonest misappropriation, Cheating, Jointly (conspiracy)) |
| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | | |
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed | |
| N.A | N.A | N.A | N.A | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


# बूथों और व्रज गृह में साफ-सफाई के लिए नगर निगम की विशेष बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर नगर निगम ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। नगर आयुक्त के निर्देश के आलोक में नगर प्रबंधक की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी सुपरवाइजर और वार्ड जमादारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें मतदान केंद्रों और नालंदा कॉलेज (ब्रज गृह) की साफ-सफाई की समीक्षा की गई। बैठक में नगर प्रबंधक ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अपने-अपने वार्डों में अवस्थित सभी बूथों, चलंत बूथों सहित, की आवश्यक साफ-सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव 5 नवम्बर 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों का वातावरण स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है,



ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही नालंदा कॉलेज (ब्रज गृह) में प्रतिनियुक्त सभी सुपरवाइजर और वार्ड जमादारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विधानसभा वार एवं पालीवार सफाई कर्मियों के साथ मिलकर पूर्ण सफाई कार्य सुनिश्चित करें। नगर प्रबंधक ने कहा कि चुनाव कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्यक्रम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करें। बैठक के अंत में नगर प्रबंधक ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि वे साफ-सफाई की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन निगम कार्यालय को उपलब्ध कराएँ और स्थल निरीक्षण के दौरान किसी भी कमी की स्थिति में तत्काल सुधार करें।

## पुलिस ने विस चुनाव को लेकर किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)**। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया गया है। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील भी किया है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के कोहरा, डोमना बिगहा, सेरथुआ, टेहटा सहित विभिन्न गांव में पुलिस पदाधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। बताया गया कि इसका उद्देश्य है कि आमलोग भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। इस क्रम में वाहनों की डिक्की, बैग, सहित संदिग्ध चीजों की तलाशी की जा रही है।

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के तहत नवादा जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में आज एक नई पहल की गई। जिले के स्वीप आइकॉन एवं पंचायत सीरीज के चर्चित किरदार माधव उर्फ़ बुल्लू कुमार के नेतृत्व में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ की गई। इस अवसर पर स्वीप आइकॉन बुल्लू कुमार,नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग सह प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अमरनाथ कुमार,जिला परियोजना पदाधिकारी, जीविका, चंदन कुमार सुमन तथा स्वीप कोषांग के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

प्रचार वाहन के माध्यम से जिले के कम मतदान वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा "लोकतंत्र का पर्व—मतदान जरूर करें" का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।स्वीप आइकॉन द्वारा इस अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत कार्यक्रम, संवाद सत्र, रचनात्मक पोस्टर एवं पेंटिंग प्रदर्शन के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा।

# हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का विधायक नीतू कुमारी ने किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। हिसुआ विधानसभा की विधायक नीतू कुमारी ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उनका आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का भारी समर्थन देखने को मिला, जिससे नीतू देवी के प्रति लोगों का प्यार और समर्थन साफ झलक रहा है। लोगों ने उनके चुनाव चिन्ह पंजा छाप को वोट देने का आश्वासन दिया। नीतू कुमारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने नीतू देवी के समर्थन में नारेबाजी की और उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया।

नीतू कुमारी के इस जनसंपर्क अभियान से यह साफ हो गया है कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं और लोगों का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब देखना यह होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतू देवी की लोकप्रियता उन्हें जीत दिला पाएगी या नहीं। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायक नीतू सिंह और उनकी देवरानी आभा देवी के बीच राजनीतिक मतभेद की खबरें भी सामने आई हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान में स्कूली बच्चों ने दिया संदेश : 'पहले मतदान, फिर जलपान'




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। कैरियर पब्लिक स्कूल बिहारशरीफ के प्रांगण में आगामी 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के अवसर पर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा आइकॉन ब्रांड एंबेसडर आशुतोष कुमार मानव एवं स्काउट एंड गाइड के लोग उपस्थित थे। विद्यालय निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य ई. संदीप कुमार तथा उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभात फेरी के माध्यम से स्कूली बच्चों एवं स्काउट एंड गाइड के सदस्यों ने शहरवासियों को मतदान के महत्व का संदेश दिया। मौके पर निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य ई. संदीप कुमार और उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि नालंदा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े। आशुतोष कुमार मानव ने भी बच्चों को उत्साहित करते हुए कई प्रभावशाली स्लोगन दिए और लोकतंत्र के इस पर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में साहिल कुमार प्रथम, अशी कुमार द्वितीय एवं श्रेया आनंद तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में आर्यन कुमार प्रथम, रश्मि कुमारी द्वितीय तथा अरूनेहा सिन्हा तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को प्राचार्य ई. संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती एवं रोटरी क्लब के सदस्य भरत भूषण प्रसाद के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमारी शोना, सुभाष चंद्र पांडेय, मनीष कुमार सक्सेना, कंचन कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## राहुल वर्मा युवा मतदाताओं में चला रहे जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज नवादा विधानसभा क्षेत्र में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा युवाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं के बीच मतदाता जागरुकता अभियान संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन में जिला आइकॉन ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि युवाओं का एक-एक वोट न केवल लोकतंत्र को सशक्त बनाता है बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी तय करता है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं में विशेष उत्साह एवं जोश देखा गया।कार्यक्रम के दौरान सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि आगामी 11 नवंबर 2025 को वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे तथा लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

## रजौली में चला मतदाता जागरूकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में 4 नवंबर 2025 को रजौली स्थित बुनियाद केंद्र में वृद्धजन एवं दिव्यांगजन लाभार्थियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान उन्हें मतदान के महत्व, मतदान की तिथि तथा मतदान केंद्र तक सरल एवं सुलभ पहुंच से संबंधित सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधा जैसे- व्हीलचेयर, दिव्यांग रैम्प, हेल्पडेस्क, वाहन सुविधा आदि की जानकारी देकर उन्हें निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने मतदान दिवस (11 नवंबर 2025)पर अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प भी व्यक्त किया।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **शशिशंकर कुमार उर्फ राजेश यादव (ग्राम- करमा, थाना-कुदरा, जिला- कैमूर)**

राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **210, दिनारा विधानसभा क्षेत्र**

मैं **शशिशंकर कुमार उर्फ राजेश यादव** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | एसीजेएम -I पटना | केस सं. 274/19 कोतवाली थाना पटना कांड सं. 22/2019 | लंबित | भा.द.वि धारा 147,149,188, 341,34, 504 प्रतिबंधित क्षेत्र में नाजायज मजमा बनाकर धरना प्रदर्शन करना |
| 2. | एसीजेएम -I पटना | गांधी मैदान थाना कांड सं. 241/20 | लंबित | भा.द.वि धारा269,270,188,143,145 लॉकडाउन का उल्लंघन एवं 3/4 लाउडीस्पीकर एक्ट |
| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | | |
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** | |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# गया में जेपी नड्डा का भव्य रोड शो, प्रेम कुमार के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का मंगलवार को गया शहर में भव्य रोड शो संपन्न हुआ। शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और चारों ओर 'फिर कमल खिलाना है, प्रेम कुमार को जिताना है' के नारे गूंजते रहे। रोड शो के दौरान लोगों ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा से स्वागत किया जबकि पूरा वातावरण 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारों से गुंजायमान रहा। रोड शो के दौरान नड्डा के साथ बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं एनडीए प्रत्याशी (230 गया टाउन) प्रेम कुमार, भाजपा प्रवासी नेता और पूर्व सांसद अनिल जैन, बोधगया प्रत्याशी श्यामदेव पासवान, प्रवासी नेता और सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया, जिला अध्यक्ष विजय मांझी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, अमरेंद्र सिंह और आईसीएल के स्वतंत्र निदेशक शंभू केशरी मौजूद रहे। गया की गलियों में लोगों का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह समर्थकों ने रथ पर पुष्पवर्षा की और नड्डा का स्वागत किया। इस मौके पर नड्डा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गया की जनता ने 1990 से लगातार भाजपा को स्नेह और समर्थन दिया है। प्रेम कुमार को लगातार विजयी बनाकर जनता ने विकास की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि गया के सर्वांगीण विकास का श्रेय यहां के जनता-जनांदोलन और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। नड्डा ने अपील की कि आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए प्रत्याशी प्रेम कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि विकास की यह यात्रा और तेज गति से आगे बढ़े। रोड शो में बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इनमें राजू वर्णवाल, संजय सेठ, शंभू केशरी, सुनील सिन्हा, डब्लू सिंह, मुकेश शर्मा, कुंदन शरण, सोनी सिन्हा, ऋषि लोहनी, रौनक सेठ, विकाश कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, निशांत कुमार, हरि यादव, सूरज राणा, गुंजन मिश्रा, धीरू, राजेश मस्तान, सोनू साह, राम पुकार सिंह, मनीष कुमार, मुन्ना पांडा, अमर नाथ धोखड़ी, कमल बारीक, करुणा सिंह, रूबी कुशवाहा, अमर शेखर, सागर सचदेवा, देवानंद पासवान, कृष्ण कुमार साहू और शंभू यादव समेत अनेक नेता शामिल रहे।

## गया में डॉ. प्रेम कुमार का जनसंपर्क अभियान, मां मंगला गौरी और बुढ़वा महादेव मंदिर में की पूजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी और बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत धार्मिक स्थलों पर आशीर्वाद लेकर की। उन्होंने सबसे पहले गया की धार्मिक आस्था के प्रतीक माता शक्तिपीठ मंगला गौरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मां मंगला गौरी से गया जिला और बिहार की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वे बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ के चरणों में माथा टेककर जनता के कल्याण और सुशासन की निरंतरता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के बाद जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि गया की पवित्र धरती उनके लिए केवल राजनीति का क्षेत्र नहीं, बल्कि आस्था और सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा मैं पिछले कई वर्षों से गया की जनता की सेवा कर रहा हूं और आज पुनः आपके बीच आशीर्वाद मांगने आया हूं। आप सबका एक-एक मत मेरे लिए विश्वास का प्रतीक है। मैं वादा नहीं करता, बल्कि अपने कार्यों से निभाता हूं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को सुशासन, विकास और पारदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, बिजली, रोजगार और सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। गया में आधारभूत संरचना, पर्यटन और युवाओं के रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन में सुधार लाने के प्रयास निरंतर जारी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में गया की जनता एक बार फिर विकास की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने संकल्प लिया कि आने वाले समय में गया को और अधिक आधुनिक, सुविधायुक्त और समृद्ध शहर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है गया को बिहार का विकास मॉडल बनाना। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि बिहार को फिर से भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के दल-दल में नहीं जाने देना है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने उनका हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता प्रभावती देवी, चमेली देवी, विमला देवी, लक्ष्मी देवी, सुजीत, सुमित कुमार और विनय कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मांझी की प्रचार गाड़ी में भरी थी शराब की पेटियां, अचानक टूट पड़ी पब्लिक, लूट ले गए बोतलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है। हम पार्टी की विधायक और इमामगंज विधानसभा से प्रत्याशी दीपा मांझी के प्रचार वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई है। यह मामला उस समय सामने आया जब गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के गुरारू रेलवे स्टेशन के पास स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध वाहन को रोक लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर लोगों के होश उड़ गए, वाहन में शराब की पेटियां भरी पड़ी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह वाहन दीपा मांझी के चुनाव प्रचार में इस्तेमाल किया जा रहा था जब ग्रामीणों ने गाड़ी को रोका और उसके अंदर झांका तो विदेशी शराब के 17 कार्टन मिले। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका फेसबुक लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जैसे ही गाड़ी से शराब की पेटियां बाहर निकाली गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग वहां जमा हो गए और कई बोतलें लूटकर भागने लगे। स्थिति कुछ देर के लिए पूरी तरह बेकाबू हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत गुरारू थाना पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि वाहन में कुल 17 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई है।

## प्रेक्षक ने किया मगध यूनिवर्सिटी बोधगया में आयोजित इवीएम कमीशनिंग का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बोधगया विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक रवि दाधीच द्वारा मगध यूनिवर्सिटी बोधगया में आयोजित ईवीएम कमीशनिंग का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अभियंताओं, निर्वाचन कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों से मशीनों की जांच, सीलिंग तथा लॉजिस्टिक व्यवस्था के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रेक्षक रवि दाधीच ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक अत्यंत संवेदनशील एवं पारदर्शिता से जुड़ी प्रक्रिया है। अतः प्रत्येक चरण में सावधानी एवं निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें ताकि मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके।

## गयाजी धाम पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का होगा स्वागत : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मोक्ष ज्ञान की भूमि, मां मंगला गौरी की पावन धरती गयाजी धाम पर दिल्ली सरकार की लोकप्रिय एवं कर्मठ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का भव्य आगमन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 5 नवंबर 2025 को गयाजी स्थित आजाद पार्क में व्यवसायियों को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर वे व्यापार जगत से जुड़े लोगों को सरकार की जनहितकारी एवं व्यवसाय-संबर्द्धन योजनाओं की जानकारी देंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी की यह पवित्र भूमि न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आगमन गयाजी के लिए गौरव का विषय है। उनके विचार और मार्गदर्शन से गया के व्यापारी वर्ग को नई प्रेरणा और दिशा मिलेगी।

उन्होंने गयावासियों, व्यापारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सफल बनाएं और इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें।

## दो शराबी गिरफ्तार, गए न्यायालय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के मड़ूका मोड़ से पुलिस ने शराब के नशे में धुत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि एसआई मीरा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस गश्ती के दौरान दोनों को नशे की हालत में पाया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान उदित कुमार, पिता मधुरेंद्र पासवान तथा जगेश्वर मांझी, पिता स्वर्गीय दुखी मांझी, दोनों ग्राम खोजी, थाना-बंदेया, जिला-औरंगाबाद के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों को शराब के नशे में पाए जाने पर मद्य निषेध कानून के तहत मामला दर्ज किया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी है और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## सेवानिवृत्ति पर प्रधानाध्यापक को दी गई भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के सकरदास नवादा पंचायत के मध्य विद्यालय कोब्बा में कार्यरत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार का सेवानिवृत होने के उपरांत सोमवार को एक समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि 31 वर्षों तक विद्यालय में गौरवपूर्ण एवं उत्कृष्ट सेवा देने के बाद मौजूद शिक्षक एवं ग्रामीणों ने सराहनीय कार्यकाल बताया। विदित हो कि वे प्रधानाध्यापक के साथ संकुल समन्वयक भी थे और वे दोनों कार्यभार को बखूबी निभाते रहे। आयोजित समारोह में कई विद्यालय के शिक्षक ने विनोद कुमार का भावभीनी प्रशंसा करते नहीं थके। इस मौके पर डॉक्टर अनिरुद्ध पासवान, उपेन्द्र सिंह, निर्भय सिंह, मानस श्रीवास्तव, हरे कृष्ण, विनोद पासवान, रमेश कुमार, शेखर आनन्द, कुमारी गीता, रंजीत कुमार निराला, रणधीर कुमार, सुशील कुमार सहित कई संकुल के शिक्षक ने उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सुखी जीवन की कामना की।

## आदर्श आचार संहिता मामले में ऑटो जब्त, चालक पर मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर बिना अनुमति पोस्टर चिपकाकर प्रचार-प्रसार करने वाले एक ऑटो को जब्त किया गया। बताया जाता है कि आरोपी संतोष कुमार, निवासी-भंगीडीह शेरघाटी ने प्रशासनिक अनुमति लिए बिना शहर के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर चिपकाए थे और ऑटो से प्रचार कर रहा था। आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी प्रकार के राजनीतिक या प्रचारात्मक पोस्टर, बैनर, वाहन प्रचार आदि के लिए निर्वाचन आयोग एवं प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य होती है। बिना अनुमति प्रचार को चुनाव प्रक्रिया की शुचिता के खिलाफ माना जाता है। इसी क्रम में प्रशासन को सूचना मिली कि संतोष कुमार द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जांच के बाद एसडीओ मनीष कुमार के आदेश पर ऑटो जब्त करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान आचार संहिता के किसी भी नियम का उल्लंघन किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता और राजनीतिक दलों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी प्रचार-प्रसार से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## विधानसभा क्षेत्र के लिए बने डिस्पैच सेंटर पर इवीएम कमीशनिंग का कार्य पूरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के लिए टिकारी राज स्कूल परिसर में बने डिस्पैच सेंटर पर मंगलवार को इवीएम कमीशनिंग का कार्य पूरा किया गया। तीन दिनों तक चले इस प्रक्रिया में सैकड़ों कर्मी, शिक्षक और तकनीकी स्टाफ ने दिन-रात मेहनत कर काम पूरा किया। आरओ सह एसडीएम प्रवीण कुंदन ने बताया कि आयोग के निर्देश का पालन करते हुए कमीशनिंग का कार्य पूरा किया गया। आज यानी बुधवार को सभी उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पांच प्रतिशत इवीएम का चयन कर मॉक पोल कराया जाएगा। मॉक पोल के दौरान उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मत डाल कर इवीएम की जांच कर सकेंगे। इवीएम डिस्पैच सेंटर पर सभी सुविधाओं को बहाल करने को लेकर तैयारी पूरी की जा रही है। वहीं सेंटर को पूरी तरह 24 घण्टा कैमरा की निगरानी में रखा गया है। ताकि चुनाव कार्य में पारदर्शिता बनाई रखी जा सके।

## एनडीए प्रत्याशी अनिल कुमार पर जानलेवा हमला मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दिघौरा में टिकारी विधायक सह एनडीए प्रत्याशी अनिल कुमार पर जानलेवा हमला मामले में एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंचानपुर थानाध्यक्ष पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान कैलाश यादव के पुत्र जापानी यादव के रूप में हुई है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। विधायक पर हमला मामले में अब तक 13 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मालूम हो कि बिहार विधानसभा आम निवार्चन 2025 में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 29 अक्टूबर को विधायक अनिल कुमार पर हमला किया गया था। इस हमले में विधायक, उनके भाई समेत पांच लोग घायल हुए थे। कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

## टिकारी में प्रत्याशियों के परिजन भी उतरे चुनावी प्रचार में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है, लेकिन दूसरे चरण में होने वाले टिकारी विधानसभा चुनाव का शोर अब चरम पर है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, सभी दलों के प्रत्याशी और उनके समर्थक पूरी ताकत से मैदान में उतर गए हैं। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार के समर्थन में उनकी पुत्री डॉ. समीक्षा कुमारी और पुत्र उत्कर्ष कुमार मतदाताओं को रिझाने में जुटे हैं। डॉ. समीक्षा महिलाओं के बीच घर-घर जाकर अपने पिता के कार्य, विकास योजनाओं और बिहार में शांति-सुरक्षा की उपलब्धियों को जनता के सामने रख रही हैं। वहीं आरजेडी प्रत्याशी अजय कुमार की पत्नी और पुत्र भी प्रचार में सक्रिय हैं। महिलाएं इस बार चुनावी फोकस में हैं। सभी दल उन्हें अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। नीतीश सरकार जीविका दीदियों को 10 हजार रुपये की राशि देकर महिला मतदाताओं को साधने की कोशिश में है जबकि तेजस्वी यादव भी महिलाओं को लुभाने के वादे कर रहे हैं। इस बीच जनसुराज के शशि कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध कुमार सिंह भी अपनी उपस्थिति मजबूत करने में लगे हैं। मतदाता अब तक खुलकर अपना रुख नहीं बता रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों को सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है। किसे जनता का आशीर्वाद मिलेगा यह तो 14 नवंबर को मतगणना के दिन ही तय होगा।


**Form C-1**
(for candidate to publish in Newspapers. TV)

**Declaration about Criminal Cases.**

(As per the Judgment dated 25th September. 2018 of Hon'ble Supreme Court WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate : **Rohit Kumar,** Vill-Shahpur, P.O.-Bhoja, P.S.-Chhaurahi, Distt.-Begusarai

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2055**

* Name of Constituency : **139-Rosera (SC)**

I, **Rohit Kumar**(Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases :

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dates | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | J.M 1ST Patna | 39/2020 | Pending | Sec. 354D, 504, 506, of IPC Stalking, Provoke breach of peace Criminal Intimidation |
| 2. | J.M 1st class Manjhaul | 27/22 | Pending | See147,323,341,504,506of-IPCrioting & voluntarily causing hurt |
| 3. | A.C.J.M. Manjhaul | 129/23 | Pending | Sec341,323,324,325,354B,393, 504,506 of IPC wrongful restraint, causing hurt by dangerous, weapons. grievous hurt,robbery |

*In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या–RP/DNR/EL/ 2x25kv/ AFL/GHD-SEB, दिनांक:31.10.2025**

**(1) कार्य का नाम एवं स्थान :** "Supply, installation, testing, and commissioning of automatic fault locator (AFL) for 2x25 KV AC traction system of latest RDSO specification in GHD–SEB section of Dhanbad Division under Project Danapur of East Central Railway".

**(2) कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये–29337385.00

**(3) निविदा फार्म की किमत :** रूपये–0.00

**(4) आवश्यक बयाना राशि :** रूपये–296700.00

**(5) निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक 11.11.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय – दिनांक 25.11.2025 को 15:00 बजे। **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**(6) पता एवं अन्य जानकारीः** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल, जिला–पटना, पिन–801105.

**उप मुख्य विद्युत अभियंता, रेल परियोजना/दानापुर**

पीआर/1236/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/40



**फार्मेट सी–1**
*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **मुकेश कुमार यादव (ग्राम+पोस्ट+थाना-डोभी, गया)**

राजनैतिक दल का नाम : **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **226, शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र**

मैं **मुकेश कुमार यादव** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | अनुसुचित जाति न्यायालय गया | अनुसुचित जाति थाना कांड सं. 74/12 | लंबित | भा.द.वि धारा 323,324,341 भुमि विवाद |
| 2. | श्रीमति कल्पना भारती न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय शेरघाटी | आमस थाना कांड सं. 204/20 | लंबित | भा.द.वि धारा 188,269,270/34 आचार संहिता का उल्लंघन |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

संपादकीय

# मप्र के विकास का विजन!

मध्यप्रदेश के सत्तर साल पूरे होने के बाद राज्य की डॉ. मोहन यादव सरकार ने राज्य को विकसित प्रदेशों की श्रेणी में ला खड़ा करने के लिए 'विकास का विजन डाक्यूमेंट' नाम से नया ब्लू प्रिंट जारी किया है। यह डाक्युमेंट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के अनुरूप ही है। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने यह विजन डाक्युमेंट मप्र के स्थापना दिवस 1 नवंबर को जारी किया। इसमें कई लक्ष्य रखे गए हैं। जिनमें साल 2047 तक मप्र उद्योग धंधों का अर्थव्यवस्था में योगदान 2.9 लाख करोड़ से बढ़ाकर 50 लाख करोड़ किया जाएगा। उद्योग व इससे जुड़े सेक्टर में 1 करोड़ नौकरियां देने, सर्विस सेक्टर का योगदान 4.9 लाख करोड़ से 125 लाख करोड़ करना शामिल है। गौरतलब है कि नवंबर 2024 में नीति आयोग के सहयोग से इस विजन डॉक्युमेंट पर काम शुरू हुआ था। कुल 8 समूहों ने लगातार चर्चा और विमर्श के बाद मप्र के विकास ये खाका तैयार किया है। कुल 21 पेज के इस दस्तावेज में सुखद, संपन्न और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश बनाने का लक्ष्य है। आर्थिक-सामजिक सुधारों के साथ वित्तीय और सुशासन के नवाचारों पर भी फोकस है। इस के तहत बड़ी संख्या में नौकरियां देने के लिए उद्योगों को ग्लोबल वैल्यू चैन से जोड़ा जाएगा। मेक इन मध्य प्रदेश की थीम पर काम होगा। 100 से ज्यादा नए मल्टी प्रोडक्ट क्लस्टर बनाए जाएंगे। 20 कार्गो हब स्थापित किए जाएंगे। एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए स्पेशल इकॉनोमिक जोन बनाए जाएंगे। विगत तीन दशकों में मप्र ने खेती के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी को आगे बढ़ाते हुए राज्य में 2047 तक 25 प्रतशित जैविक और प्राकृतिक खेती का लक्ष्य है। मप्र का देश की कृषि में योगदान बढ़ाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। खेती के क्षेत्र में क्लस्टर, बहुउद्देशीय फसल प्रबंधन जोन और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए एग्री एक्सपोर्ट जोन भी बनाएंगे। स्मार्ट फल-सब्जी क्लस्टर के अलावा बड़ी-बड़ी मिल्क कूलिंग यूनिट भी स्थापित की जाएंगी। अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र के योगदान को देखते हुए राज्य में इसे 36 प्रतिशत से बढ़कर 49 से 53 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। ऐसा हुआ तो मप्र में इस सेक्टर का आकार 4.9 लाख करोड़ से बढ़कर 125 लाख करोड़ हो जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था के निर्माण पर काम होगा। भोपाल-इंदौर में एआई-नॉलेज सिटी बनेंगे। 3 डाटा सेंटर हब और फिल्म सिटी भी बनेंगी। 10 मेगा टूरिज्म जोन से धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज -सांस्कृतिक और रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। 200 एकड़ में एआई सिटी के अलावा आईटी टाउन बनेंगे और बुद्धिस्ट सर्किट जैसे नए सर्किट पर्यटकों की संख्या बढ़ाएंगे। समृद्ध मप्र का लक्ष्य को ध्यान में रखकर ऐसे युवा तैयार किए जाएंगे जो दुनिया में कहीं भी काम कर सकें। स्टेट रिसर्च फंड, स्मार्ट क्लासेज, वर्चुअल लैब के अलावा एआई टूल भी शिक्षा में शामिल होंगे। प्राइमरी से बारहवीं तक 100 प्रतिशत एडमिशन और 100 प्रतिशत साक्षरता, केजी से 12वीं तक के 500 से अधिक विश्वस्तरीय स्कूल खोलना, 10 ग्लोबल स्किल पार्क, मॉडल आईटीआई विकसित करना, औसत आयु 84 वर्ष तक करना, शिशु मृत्यु दर 5 प्रति हजार तो मातृ मृत्यु दर 20 प्रति हजार से नीचे लाना, पोषण-स्वास्थ्य में एआई का उपयोग, हर व्यक्ति के पास पक्का घर और जल कनेक्शन, 8 नए एयरपोर्ट विकसित करना और कुल ऊर्जा का 50 प्रतिशत नवकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त करना शामिल है। इसके अलावा 2047 तक 25 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित किया जाएगा। मप्र को ये सभी लक्ष्य अगले 22 सालों में हासिल करने हैं। लेकिन क्या राज्य का सरकारी तंत्र ऐसा कर सकने की स्थिति और मानसिकता में है, यह बड़ा सवाल है।

# जन सरोकार वाले सरकारी कार्य बंद न होने पाएं

**सूचना के अधिकार कानून ने देश के आम आदमी को एक दौर में कुछ अधिकार संपन्न बनाए रखा, आम आदमी सरकारी तंत्र से कुछ जानकारियां ले सकता था और उनका उपयोग समाज में भ्रष्टाचार उजागर के लिए कर सकता था। जब कांग्रेस सरकार में यह कानून लागू हुआ तो यह सामान्य व्यक्ति के लिए कारगर हथियार साबित हुआ एवं अफसरशाही भी इस हथियार के प्रयोग से भयभीत रहती थी, क्योंकि उसे सूचना देना लाचारी था। परंतु धीरे-धीरे सूचना के अधिकार कानून एवं नियमों में ऐसे बदलाव किए गए की वह अप्रभावी और भोथरा हथियार बन गया है। कई सरकारी पदों को एक प्रकार से इस कानून के दायरे से लिखित और अलिखित तरीके से बाहर कर दिया गया है 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रधानमंत्री जी की डिग्री को सार्वजनिक नहीं किया गया। निःसंदेह यह कानून एक क्रांतिकारी कानून था परंतु व्यवस्था ने अपने हथकंडों से इसके क्रांतिकारी स्वरूप को खत्म कर दिया और अब शर्त जोड़ दी गई कि जानकारी मांगने वाले व्यक्ति का इस मामले से क्या संबंध है? जबकि यह गैर जरूरी था, फिर कुछ दुरुपयोग के शिकायतों के नाम से इस कानून को मृत नहीं तो बेहोश तो कर ही दिया गया है।**

**रघु ठाकुर**

भारत आज भी दुनिया में गांधी के नाम से जाना जाता है भले ही आज सरकारी पार्टी और उसकी मातृ संस्था गांधी को माने या ना माने परंतु दुनिया गांधी को मानती है। गांधी का सत्य स्वच्छ था, उसमें कुछ भी छिपा नहीं था। महात्मा गांधी ने तो अपनी गलतियों को भी निष्पक्ष ढंग से उजागर किया। अब तो गांधी के विरोधी लोग ही गांधी के सत्य का दुरुपयोग गांधी के खिलाफ कर रहे हैं। दूसरा एक और विचित्र जन विरोधी शुरुआत मध्य प्रदेश में हुई है। मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में भी आम जनता को अपनी शिकायतों को तंत्र तक पहुंचाने के लिए सीएम हेल्पलाइन के नाम से एक शिकायत सेल (लगभग सभी प्रदेशों में) शुरू किया गया था इसकी तार्किक वजह थी कि, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पास देश और प्रदेश के अन्य लोगों की शिकायतों को सुनने का समय नहीं रह पाता है। व्यवस्था के मुखिया को अपने समय का अधिकांश हिस्सा शासन पर लगाना होता है और धीरे-धीरे नौकरशाही की परंपराएं मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को इस तरह से घेर लेती है कि वह शिकायतें एवं जन भावनाओं को नहीं समझ पाते और ना ही सुन पाते हैं। कुछ वरिष्ठ नौकरशाहों को प्रतिदिन रिपोर्टिंग के नाम पर, सूचना देने के नाम पर, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के लिए समय सुरक्षित रखना पड़ता है और कई घंटे इसमें चले जाते हैं। तंत्र इतना फैल गया है कि कोई भी नीत को क्रियान्वित करना कई परीक्षाओं को पास करना जैसा होता है। किसी-किसी घटना पर संस्थाएं अपनी शिकायत के आधार पर जांच करती है और सरकार एवं तंत्र का बड़ा हिस्सा उनके उत्तर देने में चला जाता है। नौकरशाही का भी काफी समय इसमें निकल जाता एवं इस कारण से आम जनता के साथ संवाद नगण्य हो जाता है।

दिखाने को तो हर स्तर पर संभागीय आयुक्त से लेकर तहसीलदार द्वारा जनसुनवाई की तिथि तय की गई है लेकिन यह जनसुनवाई केवल खानापूर्ति होती है। अक्सर जनसुनवाई के दिन देखने में आता है कि कभी-कभी मुख्यमंत्री और मंत्रियों का नगर में आगमन हो जाता है तो जनसुनवाई के नाम पर किसी अधीनस्थ छोटे अधिकारी आदि को लगा दिया जाता है एवं वह शिकायतों के पत्र ले लेते हैं और अधिकारियों को प्रस्तुत कर देते हैं। अक्सर यह भी होता है कि राजस्व अधिकारी को प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी के पास देने के लिए कह दिया जाता है। कलेक्टर ऑफिस के द्वारा कहा जाता है कि, एसपी ऑफिस के पास जाइए, एसपी आफिस कलेक्टर के पास भेजता है। इन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री शिकायत सेल एक ऐसा माध्यम है जहां आम नागरिक को भटकना नहीं पड़ता है बल्कि मुख्यमंत्री के तंत्र से ही संबंधित शिकायत को संबंधित अधिकारी के पास पहुंचा दिया जाता है। यह भी परंपरा बनी है कि अधिकारी मुख्यमंत्री के पास से प्राप्त शिकायतों को तत्काल हल करते है इसलिए आम लोगों को यह एक माध्यम मिला। यद्यपि जितनी शिकायतें होती उतने बड़े पैमाने पर निराकरण नहीं होता था। फिर भी एक प्रमाण होता था की व्यवस्था के शीर्ष अधिकारी मुख्यमंत्री तक बात पहुंची है जो कभी भी गंभीर रूप ले सकती है। कभी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित हो जाए तो वह कार्यवाही का आधार बन सकती है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिकायत सेल में लगभग तीन चार लाख शिकायतें लंबित है। यह भी प्रक्रिया थी कि, शिकायतों के निराकरण की सूचना पर यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता है तो अपनी आपत्ति पुनः दर्ज करा सकता था। जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हो जाता था, उस मामले का निराकरण हुआ नहीं माना जाता था। तात्पर्य कि तब तक शिकायत बंद नहीं होती थी। कुल मिलाकर के संपूर्ण रूप से तो नहीं परंतु आंशिक रूप से कुछ शिकायतों का निराकरण होता था। इससे अधिकारियों को परेशानी होती थी। क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री शिकायत सेल से प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री को उत्तर देना होता था और इन शिकायतों की समय सीमा में निपटाने के लिए संभाग, जिला, तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री शिकायत सेल से प्राप्त शिकायतों को वरीयता देकर हल करने या कम से कम हल करने की खानापूर्ति करनी पड़ती थी। पिछले दिनों अखबार में सूचना आई है कि मुख्यमंत्री शिकायत सेल को सीमित किया जा रहा है और शायद इसे बंद करने की तैयारी हो रही है। नौकरशाही ने मुख्यमंत्री को यह समझा दिया है कि, शिकायतों के माध्यम से अधिकारियों को परेशान किया जाता है। सामान्य परिवार से निकल करके मुख्यमंत्री बनने वाला व्यक्ति भी नौकरशाहों के तर्क से सहमत हो गया और अब यह एक नया चलन शुरू करने की तैयारी है कि शिकायत यदि झूठी पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निसंदेह अगर झुठी शिकायतें होती है तो उस पर कार्यवाही होनी चाहिए, परंतु वह कार्यवाही शासन को नहीं बल्कि संबंधित अधिकारी द्वारा स्वतंत्र न्यायपालिका में आवेदन देकर करना चाहिए। वहीं दूसरा पक्ष है कि बार-बार शिकायत करने वाले को भी दोषी माना जाएगा।

यह तो घोर अपराध है क्योंकि जो शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है वही दोबारा शिकायत करेगा या अपनी असंतुष्टि को जाहिर करेगा। इस प्रक्रिया से नौकरशाही पर एक सीमित नियंत्रण भी था कि वह किसी शिकायत को बंद नहीं कर सकते उन्हें भी कहीं ना कहीं शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना होता है। परंतु इस नए नियम के माध्यम से या तो आम जनता डर से शिकायत करना बंद कर देगी या फिर नौकरशाही को अधिकार मिल जाएगा की शिकायतकर्ता के खिलाफकार्यवाही शुरू कर दें। कुल मिलाकर यह मुख्यमंत्री शिकायत सेल की अघोषित तालाबंदी जैसी है। एक प्रकार से यह भी राजनीतिक पक्ष बनेगा कि नौकरशाही सत्ता पक्ष की शिकायतें अक्सर हल करेंगी परंतु गैर सत्ता पक्ष की शिकायतों को गलत बताकर बंद कर देगी और कार्यवाही करने वाले को नोटिस देगी। यह नियम सार्वजनिक अधिकारों का उल्लंघन भी है और लोकतांत्रिक भी नहीं है। राम के नाम का जाप और पाठ करने वाली सरकार, राम गमन पथ मार्ग के निर्माण पर सैकड़ों, करोड़ों रुपए खर्च करने वाली सरकार, राम के लोकतांत्रिक स्वरूप को भी मिटा रही है। जिसमें राम आम आदमी की शिकायत को न केवल सुना करते थे बल्कि उसके आधार पर राम ने अपने परिवार के लोगों को सजा भी सुनाई। अग्नि परीक्षा में निर्दोष सिद्ध सीता को वनवास दिया गया, यह एक निर्दोष नारी के खिलाफ अन्याय था, परंतु राम अपने इस आपराधिक निर्णय द्वारा आलोचना को जीवित रखना चाहते थे।

9 अक्टूबर 2025 के अखबारों में खबर आई की मुख्यमंत्री जी द्वारा सार्वजनिक संस्थानों पर किए गए घोषणापत्रों को पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जाएगा। यह परंपरा रही है कि मुख्यमंत्री यदि किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में घोषणा करते थे तो संबंधित अधिकारी का दायित्व होता था कि मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं को पोर्टल पर सीधे दर्ज करायें। यह मुख्यमंत्री के लिए उनकी घोषणाओं को याद कराने और कार्रवाई करने की बाध्यता होती थी, क्योंकि ये सीधे पोर्टल पर दर्ज होती थी। अतः इसका रिकॉर्ड होता था और मुख्यमंत्री को भी अपनी घोषणाओं को पूरा करने की बाध्यता होती थी, वरना सार्वजनिक संस्थाओं, विधानसभाओं में भी सवाल उठाए जा सकते थे, जिनका उत्तर देने की बाध्यता मुख्यमंत्री जी को होती थी। इस सीधे पोर्टल पर दर्ज करने के तरीके से मुख्यमंत्री का नैतिक दायित्व होता था कि वह संयमित ढंग से बोले और ऐसी घोषणाएं करें जिससे वह पूरा करने में सक्षम हो। परंतु अब इस नई पद्धति के बाद मुख्यमंत्री को झूठ बोलने का, झूठी घोषणाएं करने का, अघोषित लाइसेंस मिल जाएगा। वह झूठी घोषणाओं पर ताली पिटवाने, वोट पाने के लिए कुछ भी घोषणाएं करेंगे और उन्हें पोर्टल पर दर्ज करने के लिए उनकी स्वीकृति लगेगी जो बाद में देना या नहीं देना उनके विवेक पर निर्भर होगा। अब यदि घोषणाओं के आधार पर जनता मुख्यमंत्री से सवाल करती है या आलोचना करेगी तो कहा जाएगा कि मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा नहीं की थी और वह पोर्टल पर भी दर्ज नहीं है। एक प्रकार से यह आम जनता के साथ धोखा नहीं है तो क्या है? अनैतिक और अलोकतांत्रिक आचरण नहीं है तो क्या है?

अध्यात्म

## बच्चों को अच्छे काम के लिए प्रेरित करना चाहिए



संत अपने शिष्य के साथ गांव में मांग रहे थे भिक्षा, तभी एक छोटी बच्ची ने कहा कि हमारे पास आपको देने के लिए कुछ नहीं है, संत ने उससे कहा कि दान में अपने आंगन की मिट्टी ही दे दो

बच्चों को हमेशा अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तभी वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनते हैं। संस्कारों से संबंधित एक लोक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में भिक्षा मांग रहे थे। इस दौरान वे एक घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई तो अंदर से एक छोटी बच्ची बाहर आई। बच्ची ने संत से कहा कि हमारे पास आपको देने को कुछ नहीं है।

संत ने कहा कि बेटी, मना मत कर, कुछ नहीं है तो अपने आंगन की थोड़ी सी मिट्टी ही दान में दे दो। छोटी बच्ची ने तुरंत ही आंगन से एक मुट्ठी मिट्टी उठाई और भिक्षा पात्र में डाल दी। संत ने बच्ची को आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ गए। कुछ दूर चलने के बाद शिष्य ने संत से पूछा कि गुरुजी आपने भिक्षा में मिट्टी क्यों ली? ये तो हमारे किसी काम की नहीं है।

संत ने शिष्य को समझाया कि आज वह कन्या छोटी है और अगर वह अभी से मना करना सीख जाएगी तो बड़ी होकर भी किसी को दान नहीं देगी। आज उसने दान में थोड़ी सी मिट्टी दी है, इससे उसके मन में दान देने की भावना जागेगी। भविष्य में जब वह बड़ी होकर सामर्थ्यवान बनेगी तो फल-फूल और धन भी दान में देगी।

इस कथा का संदेश यही है कि बच्चों अच्छे काम करना सिखाना चाहिए, उन्हें अच्छे संस्कार देना चाहिए। बचपन से उन्हें अच्छे कामों के लिए प्रेरित करेंगे तो वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनेंगे और बुराइयों से बचे रहेंगे।

# निर्णायक भूमिका में रहेंगी महिला वोटर

**महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री, तेजस्वी यादव भी जानते हैं। गुजरे 20 वर्षों से कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार को बदलकर नया चेहरा लाने को भी महिलाएं आतूर दिखती हैं। नीतीश के पीछे सत्ता विरोधी मुद्दे भी कई हावी हैं। वहीं, महाराष्ट्र की तरह इस चुनाव से भाजपा अपना स्वयं का प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। इस दिशा में उन्होंने जेडीयू और अपने लिए बराबर-बराबर सीट बांटकर पहला कदम बढ़ा भी दिया है। इसलिए ये चुनाव नीतीश के 20 वर्ष का सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय प्रदाता छवि से अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा भी कह सकते हैं। पिछले विधानसभा में भाजपा ने 74 सीटें जीती थी। जबकि, जेडीयू मात्र 43 पर सिमट गई थी, बावजूद इसके अनुकूल परिस्थितियों को भांपकर भाजपा ने दूसरे नंबर पर रहने का समझौता किया था।**

**डॉ. रमेश ठाकुर**

बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं। हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण रिपोर्टस् संकेत इस बार भी ऐसे ही दिखा रही हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार चुनाव में महिलाएं लैंगिक सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। हिंदी पट्टी वाले राज्यों में चुनावी समर में पुरूषों के मुकाबले महिला ज्यादा बढ़चढ कर हिस्सा लेती हैं जिनमें बिहार सबसे अव्वल है। चुनाव चाहे सांसदी के हों या विधानसभा के या फिर पंचायत के, सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। पूर्व के इन आंकड़ों को देखते हुए जारी बिहार चुनाव में तकरीबन सभी सियासी दल महिला वोटरों पर ही ज्यादा दांव लगा रहे हैं।

इतना तय है कि महिलाएं इस बार चुनावी गच्चा खाने के मूड में हैं नहीं? झूठे वादों में नहीं फंसेगी। पिछले चुनाव में एनडीए के खाते में 40 फीसदी वोट पड़ने वाला समूह शांत दिखाई पड़ता है। चुनावी वायदों को महिलाएं अपने नजरिए से परख रही हैं। बिहार के चुनावी उत्सव में चाहे महिला वोटर हों या विधायक एकाध दशकों में इनकी भागेदारी सरकारों में भी रही हैं। विधानसभा-2020 में महिला उम्मीदवारों ने रामनगर, धमदाहा, प्राणपुर, कोढ़ा, गौराबौराम, गोपालगंज, राजापाकर, महनार, कटोरिया, मोकामा, मसौढ़ी, संदेश, नोखा, नरकटियागंज, बेतिया, केसरिया, परिहार, बाबूबरही, फुलपरास, त्रिवेणीगंज, शेरघाटी, बाराट्टी, हिसुआ, बारसलीगंज और जमुई में विजयी पताका लहराया था।

महिलाओं के लिए मौजूदा विधानसभा-2025 चुनाव यह निर्धारित करेगा कि जनकल्याण के माध्यम से सशक्तीकरण वास्तिव स्वायत्ता में तब्दील होता है या सिर्फ चुनावी सुविधा ही बनकर रह जाएगा। पिछले आंकड़ों को देखकर भाजपा का पूरा फोकस महिलाओं पर है। तभी, तो उन्होंने चुनाव तारीखों की घोषणा से पूर्व ही 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' स्कीम के तहत लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस-दस हजार रूपए की नगद धनराशि पहले ही भेज दी हैं। पैसा पाकर महिलाएं खुश जरूर हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं की वह 'नोट के बदले वोट' देंगी या नहीं? इस स्कीम पर महिलाओं को संशय इसलिए है कि ये घोषणा नीतीश कुमार ने नहीं, बल्कि दिल्ली से प्रधानमंत्री द्वारा हुई। क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी एक घोषणा उन्हीं के द्वारा की गई थी, जो अभी तक लागू नहीं हुई है। इन सभी तथ्यों की समीक्षाएं महिलाएं इस बार कर रही हैं। महिला वोटरों को रिझाने में कोई भी सियासी दल पीछे नहीं हैं? सभी अपनी-अपनी हैसियत अनुसार वादा कर रहे हैं? जबकि, बिहार में दूसरा सबसे मजबूत दल आरजेडी ने तो प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी देने की भी घोषणा की है। कुल मिलाकर, बिहार का मौजूदा चुनावी गणित आधी आबादी के ईद-गिर्द ही घूम रहा है।



चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर आंकड़ा महिलाओं का है। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा। हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान किया था। तो उस ऐलान को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया था। वोटरों के अलावा उम्मीदवार के तौर भी दर्जनों महिला इस बार भी मैदान में हैं। 11 विधानसभाओं में 10 पुरुष वोटरों की तुलना में 9 महिला मतदाता हैं। 11 विधानसभा क्षेत्रों से ही लिंगानुपात ठीक होने पर महिला विधायक निर्वाचित हुई जिनमें त्रिवेणीगंज, धमदाहा, कोढ़ा, राजापाकर, कटोरिया, संदेश, शेरघाटी, बाराचट्टी, हिसुआ, वारसलिगंज और जमुई विधानसभा शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव-2020 में एनडीए के लिए शराबबंदी का वादा तुरुप का पत्ता साबित हुआ था। महिलाओं ने खुलकर जेडीयू का समर्थन किया था। हालांकि वह वादा धरातल पर उतना कारगर साबित नहीं हुआ, जितने की उम्मीद महिलाएं लगाकर बैठी थीं। क्योंकि लोग शराब अब पी रहे हैं। ऐसा भी नहीं हुआ कि शराबबंदी के बाद बिहार में शराब का कहीं कोई टोटा दिखा हो। जितनी चाहो उतनी शराब तस्कर शराब मुहैया करवा देते हैं। चोरी छिपे धड़ल्ले से शराब की तस्करी जोरों पर है। शराबबंदी में शराब माफिया चांदी काट रहे हैं। प्रशासनिक मिलीभगत से अवैध शराब का धंदा खूब फलफूल रहा है। इसलिए इस बार महिलाओं का रुझान नीतीश के पक्ष में एकतरफा नहीं दिखाई देता। किधर मूव करेगा, ये भी कहना जल्दबाजी होगा। युवा आबादी तेजस्वी की ओर आर्कर्षित है, ऐसी तस्वीर उनकी रैलियों में भारी मात्रा में उमड़ती भीड़ बताती है।

महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री, तेजस्वी यादव भी जानते हैं। गुजरे 20 वर्षों से कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार को बदलकर नया चेहरा लाने को भी महिलाएं आतूर दिखती हैं। नीतीश के पीछे सत्ता विरोधी मुद्दे भी कई हावी हैं। वहीं, महाराष्ट्र की तरह इस चुनाव से भाजपा अपना स्वयं का प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। इस दिशा में उन्होंने जेडीयू और अपने लिए बराबर-बराबर सीट बांटकर पहला कदम बढ़ा भी दिया है। इसलिए ये चुनाव नीतीश के 20 वर्ष का सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय प्रदाता छवि से अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा भी कह सकते हैं। पिछले विधानसभा में भाजपा ने 74 सीटें जीती थी। जबकि, जेडीयू मात्र 43 पर सिमट गई थी, बावजूद इसके अनुकूल परिस्थितियों को भांपकर भाजपा ने दूसरे नंबर पर रहने का समझौता किया था। लेकिन इस बार की स्थिति पहले से जुदा है। दोनों दल 101-101 सीटों पर लड़ रहे हैं। चुनाव परिणाम में अगर भाजपा की एक भी सीट इस दफे ज्यादा आई, तो उनका मुख्यमंत्री किसी भी सूरत में बनेगा। अगर ऐसा हुआ, तो नीतीश कुमार फिर से पलटने में देर नहीं करेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। बच्चों के साथ बहुत ही अच्छा समय बितायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को अत्यधिक यश प्राप्त होगा।

**वृषभ**
पूरा दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। व्यर्थ की गतिविधियों में ध्यान न दें। सन्तान पक्ष से हर्षदायक समाचार प्राप्त होगा। परिवार में कुछ कलह हो सकती है।

**मिथुन**
उच्च अधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। धैर्य से निर्णय न लेने के कारण आपको नुकसान हो सकता है। जीवनसाथी की बात आपको बुरी लग सकती है।

**कर्क**
दिन की शुरुआत में आलस्य हो सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। दाम्पत्य सुख में कमी आ सकती है। मित्रों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह**
आज घर के कार्यों में आप अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। बुद्धिमानों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आर्थिक उन्नति होने के योग हैं। कानूनी अड़चनों को दूर होगी।

**कन्या**
आज उधार में लिया हुआ धन वापस लौटा सकते हैं। सेहत के मामले में काफी फिट रहेंगे। पुराने कार्यों को पूरा करने की चिन्ता रहेगी।

**तुला**
घर के वातावरण में थोड़ी गम्भीरता रहेगी। गृहस्थ जीवन में प्रेम और सद्भावना बढ़ेगी। शेयर मार्केट और म्यूचुअल फण्ड में निवेश से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज आपको अधिक भागदौड़ नहीं करनी चाहिये। दुविधा के कारण काम प्रभावित हो सकते हैं। विरोधी आपको भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु**
व्यवसाय में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर होंगे। जॉब की तलाश कर रहे व्यक्तियों को सफलता मिल सकती है।

**मकर**
व्यर्थ की भागदौड़ करने से स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आज सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। चलते हुये कार्यों में बाधा आ सकती है। लोग मनोबल भी गिराने का प्रयास कर सकते हैं।

**कुंभ**
दोस्तों के साथ पुरानी यादें साझा करेंगे। आपको सुखद समाचार प्राप्त होंगे। आपके द्वारा दी गयी सलाह से लोगों को लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**मीन**
आपका मन आज थोड़ा विचलित रहेगा। वाणी में संयम रखें। प्रतिद्वन्दियों से आपको सावधान रहना चाहिये। सम्पत्ति के दस्तावेजों को सम्भालकर रखें।

# फुलवारीशरीफ में श्याम रजक और गोपाल रविदास में कांटे की टक्कर





## प्रचार थमने से पहले दोनों खेमों ने झोंकी पूरी ताकत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार का अंतिम दिन सियासी तापमान को चरम पर ले गया. महागठबंधन समर्थित भाकपा (माले) प्रत्याशी गोपाल रविदास और एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार श्याम रजक के बीच मुकाबला अब पूरी तरह सीधी टक्कर में बदल चुका है. दोनों ही खेमों ने मतदान से पहले अंतिम दिन अपनी-अपनी ताकत सड़कों पर उतार दी, जनसंपर्क, रैली, रोड शो और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मतदाताओं को साधने का हर प्रयास किया गया. महागठबंधन की ओर से लालू प्रसाद यादव ने रोड शो कर चुनावी हवा को और तेज कर दिया. मुस्लिम और दलितझ्रपिछड़ा वोट बैंक को साधने के लिए निकाला गया यह रोड शो पूरे इलाके में जबरदस्त चर्चा का विषय बना रहा. लालू प्रसाद ने फुलवारी की गलियों में जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार बिहार में बदलाव तय है, तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बनेगी. इसके लिए फुलवारी शरीफ से गोपाल रविदास को एक बार फिर से विधानसभा में भारी मतों से जीतवा कर भेजिए. दूसरी तरफ एनडीए उम्मीदवार और पूर्व मंत्री श्याम रजक मोटरसाइकिल जुलूस, पदयात्रा और घर-घर संपर्क अभियान के साथ मैदान में सक्रिय रहे. उन्होंने 2025 फिर से नीतीश, फिर से विकास का नारा बुलंद करते हुए पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और बिहार सरकार की योजनाओं का हवाला देकर जनता से समर्थन मांगा. उन्होंने दावा किया कि फुलवारी में शिक्षा, सड़क, बिजली, रोजगार और स्वास्थ्य का ढांचा हमने बदला है, जनता विकास देख रही है और इसी भरोसे फिर से मतदान करेगी. यहां से इस बार बारह उम्मीदवार चुनाव में मौजूद हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला मूल रूप से दो बड़े गठबंधनों के बीच सिमटता दिख रहा है. मतदाताओं के बीच चर्चा है कि इस बार हारझ्रजीत का फासला बेहद कम रहने वाला है और परिणाम चौंका सकता है. चुनाव के आखिरी दिन दोनों ही पक्षों के कार्यकर्ता, नेता, समर्थक और प्रचार वाहन हर गली-मोहल्ले में दिखे. पोस्टर, झंडे, बैनर, ढोल-नगाड़े, पटाखे, नारे — पूरा इलाका चुनावी रंग में रंगा रहा. सोशल मीडिया पर भी वीडियो, पोस्ट, लाइव संबोधन और समर्थन संदेश लगातार वायरल होते रहे. महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव द्वारा किए गए वादों- रोजगार, पुरानी बहाली, संविदा समाप्ति, शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार — को गोपाल रविदास ने जनता के सामने दोहराया, जबकि श्याम रजक ने नीतीश मॉडल, सुशासन और पिछले 5 वर्षों में हुए विकास कार्यों को केंद्र में रखा. अब फुलवारी शरीफ की जनता मतदान के जरिए फैसला सुनाएगी. क्या जनता 'बदलाव' के नारे के साथ महागठबंधन को चुनेगी या 'विकास जारी रहेगा' के दावे के साथ एनडीए को एक बार फिर मौका देगी. नतीजे जो भी हों, मुकाबला अब पूरी तरह संतुलित है और राजनीतिक हलकों में चर्चा है- हार-जीत तो एक की होगी, लेकिन अंतर कितना होगा यही असली सस्पेंस है.

# दानापुर विस क्षेत्र में भाजपा व राजद के बीच कांटे का मुकाबला

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चुनाव का समय जैसे ही नजदीक आ गया है. वैसे ही मतदाताओं गोलबंद होने शुरू हो रहे है. नगर के चौक-चौराहे पर चुनाव को लेकर चर्चा हो रहे है. राजनीतिक तपमान बढ गया है. आज शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो जायेगा. राजधानी से सटे दानापुर विधानसभा सीट में मंगलवार को राजनीतिक पारा बढ गया है.मंगलवार को सुबह से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से एक बार मौका देने का अपील कर रहे है.वही राजद प्रत्याशी रीत लाल यादव फिलहाल जेल में बंद है. उनकी पत्नी रिंकी देवी व उनकी पुत्री श्वेता सिंघानिया और भाई टिंकू कुमार यादव जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से वोट देने के लिए अपील कर रही है. इस बार दानापुर विस सीट पर भाजपा व राजद के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला रहा है.राजद निवर्तमान विधायक रीतलाल राय और भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिला रहा है. दानापुर गंगा और सोन नदियों के किनारे बसा एक ऐतिहासिक शहर है. पिछले कुछ सालों में विकास की कमी से जूझ रहा है. 2005 से 2015 तक चार बार भाजपा के कब्जे में रहने के बाद, 2020 में राजद ने यह सीट वापस जीत ली थी. शहर की पुरानी शान के बावजूद, लोग पिछले पांच सालों में विकास की कमी से निराश हैं. मेट्रो का काम चलने से सड़कें टूटी हुई हैं और लोगों के वादे अधूरे रह गए हैं. खराब ड्रेनेज, जल जमाव , टूटी सड़कें, पार्कों की कमी और दियारा में हर साल बाढ से तबाही होती है और आज तक बाढ को रोकने के लिए रिंग बांध और बोल्डर पीचिंग नही कराया गया है. दियारा में स्वास्थ्य को लेकर बेहतर अस्पताल नही है. जिससे दियारा के लोगों अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए गंगा पार कर आना पडता है. साथ ही दियारा के तीन पंचायतों को पटना जिले से सारण में कर दिया गया है. जिससे दियारा के तीन पंचायतों के लोगों को भारी परेशानी झेलना पडता है. परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा पहल नही किया गया है और नही पक्का पुल का निर्माण कराया गया. जिससे दियारा के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है.साथ ही शहरी क्षेत्र के गंगा किनारे घाटों को पक्कीकरण नही किया गया है. जिससे लोगों को छठ पर्व समेत अन्य पर्व में भारी परेशानियों का सामना करना पडता है. शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में जल जमाव का बडी समस्या बना हुआ है. 'जंगल राज' का डर यहां के लोगों की मुख्य चिंताएं हैं.युवा समाजसेवी सुजीत कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में हर साल बारिश में जल जमाव का बडी समस्या है.बडे नाला का वर्षो अतिक्रमण और उडाही नही कराये जाने से भी जल जमाव का मुख्य कारण बना हुआ है. परंतु आज तक इस समस्या को कोई हल नही कर पाया है. शहर क्षेत्र में जाम का समस्या बना हुआ है. उन्होंने कहा कि करोडों लागत से मॉडल अस्पताल बनाने के बाद भी लोगों को समुचित ढंग से उपचार और दवा नही मिल पा रहा है. वर्षो से अस्पताल प्रबंधक जमे रहने के कारण लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा नही मिल पा रहा है. उन्होंने मौजूदा विधायक से अपनी निराशा जाहिर करते हुए कहा कि पिछले साल राजद को मौका दिया, लेकिन हमें सिर्फ निराशा ही हाथ लगा. दियारा निवासी ओम प्रकाश यादव ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद आज तक सभी जनप्रतिनिधियों ने दानापुर व दियारा वासियों के साथ छला है. चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के समस्याओं को लेकर कोई ठोस पहल नही किया गया है. श्री यादव ने रोजगार सृजन की जरूरत पर बल दिया है.उन्होंने पुरानी मिलों को फिल से चालू करने की पहल करनी चाहिए और राज्य में नये फैक्ट्री का निर्माण कर रोजगार बढने के लिए ठोस योजना बनाने पर बल दिया , ताकि राज्य से पलायन को रोका जा सकेंगे. उन्होंने सडक निर्माण और पुर्ननिर्माण के बाद भी सडक जल्दी खराब हो जाती है गुणवत्ता पूर्ण सडक का कार्य नही किया जाता है. उम्मीदवार जीतने के बाद आना बंद कर देते हैं, और लोग सफर करते रहते हैं. वही भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव को जीतने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सूबे के सीएम नीतीश कुमार , डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी दिल्ली के सीएम रेखा गुप्ता , केंद्रीय मंत्री अन्नापूर्ण देवी समेत कई दिग्गजा नेताओं ने चुनावी सभा और रोड शो कर मतदाताओं से भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया गया है. वही राजद प्रत्याशी रीत लाल यादव के पक्ष में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव , सांसद डा मीसा भारती , राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने चुनावी सभा व रोड शो कर रीत लाल यादव को भारी मतों से विजयी दिलाने की अपील किया है. रीत लाल की पत्नी रिंकी देवी व पुत्री श्वेता सिंघनिया चुनाव प्रचार का कमान संभाला कर अपने पति और पिता को एक और मौका देने के लिए अपील कर रही है. अब देखा है कि मतदाता किस करवट बदलते है. यह तो 6 नवंबर को अपने मत देकर सिद्ध करेंगे. बता दे कि दानापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,75,448 है और कुल बूथ 411 है.

## संक्षिप्त समाचार

### देसी कट्टा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गोरैया स्थान, नीलकंठ टोला में सूचना पर पुलिस ने ऑपरेशन जखीरा के तहत छापेमारी करते हुए एक अभियुक्त को एक देसी कट्टा और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। इस संबंध में पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन जखीरा के तहत मनेर पुलिस ने गोरैया स्थान, नीलकंठ टोला में दयानंद उर्फ दयाशंकर के घर पर छापेमारी की गई। जिसके पास से एक देसी कट्टा, चार कारतूस बरामद किया गया। उक्त मामले में अभियुक्त दयानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### चुनावी सभा को पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने किया संबोधित



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मनेर के दूधेला गांव स्थित मैदान चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी शंकर यादव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, स्थानीय विधायक भाई वीरेंद्र समेत वर्तमान सरकार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार मनेर में परिवर्तन की जरूरत है। मनेर की जनता इस बार अपने वोट से बता देगी कि कैसे मनेर में परिवर्तन होती है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने रंगोली कार्य मे भाग लेकर मतदान के महत्व को बताया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। मंगलवार को प्रशासन की ओर से स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियकन चलाकर मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस जागरूकता अभियान के तहत रंगोली कार्यक्रम में 03 नरकटियागंज विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक नेहा जैन ने भी भाग लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। प्रेक्षक ने उपस्थित लोगों से वोट डालने की अपील की और उन्हें लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। इसके पहले प्रेक्षक ने क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया और बूथों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

### नप के 42 बूथों पर लगाया गया कैमरा, ग्रामीण क्षेत्रो में कैमरा लगाने में तेजी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वेबकास्टिंग को लेकर बूथों पर कैमरा का अधिष्ठान कार्य तेजी से किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के सभी 326 बूथों पर कैमरा लगाने का कार्य एजेंसी के द्वारा की जा रही है। इस कड़ी में नगर परिषद अंतर्गत सभी 42 बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा चुका है। एजेंसी द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्रो में बूथों पर कैमरा लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। एजेंसी के विधानसभा कोर्डिनेटर करण कुमार आर्य ने बताया कि नगर परिषद समेत ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर कैमरा का अधिष्ठापन कार्य तकनीकी टीम के द्वारा तेजी से किया जा रहा है। इसमें बतौर सहयोगी सहायक समन्वयक नवीन चौबे के साथ पर्यवेक्षक आदित्य, अंकित राज त्यागी, विवेक गुप्ता, अनूप पांडेय, पवन दुबे, सुजीत कुमार आदि शामिल हैं। इधर वेबकास्टिंग के नोडल सह बीपीआरओ विवेक आर्या ने बताया कि सभी बूथों पर कैमरा अधिष्ठापन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ताकि समय पर इसका परीक्षण कराया जा सके।

### ईवीएम कमिशनिग कार्य पूर्ण कराया गया मॉक पोल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव में उपयोग की जाने वाली ईवीएम मशीनों का कमिशनिग का कार्य पूरा होने के पश्चात मॉक पोल कराया गया। मंगलवार को कृषि बाजार प्रांगण में बनाये गए बज्र गृह में चुनावी प्रत्याशियो व उनके प्रतिनिधियो द्वारा ईवीएम में वोट डाले गए। उसके बाद नतीजो का मिलान किया गया। एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि ईवीएम कमिशनिग के बाद मॉक पोल करवाया गया है।

# जानीपुर के मुर्गिया चक में भीषण चोरी, सोने-चांदी के जेवरात और नकद लेकर फरार हुए चोर



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जानीपुर थाना क्षेत्र स्थित मुर्गिया चक में बीती रात चोरों के गिरोह ने पुलिस गश्त और चुनावी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, नकद रुपये, कपड़े और पीतलझ्रतांबे के बर्तनों सहित लाखों की संपत्ति समेट ली और फरार हो गए. घटना के संबंध में पीड़ित पप्पू चौधरी ने बताया कि वे परिवार के साथ विवाह समारोह में शामिल होने गए थे. घर खाली देख चोर छत के रास्ते भीतर घुसे और पूरे कमरे की तलाशी लेने के बाद अलमारी तोड़कर कीमती जेवर और नकदी उड़ा ले गए. उनके अनुसार करीब पंद्रह लाख के जेवर और एक लाख साठ हजार नकद एवं अन्य सामान मिलाकर लगभग बीस लाख की संपत्ति चोरी हुई है. सुबह लौटने पर गृहस्वामी ने दरवाजा टूटा पाया और घर का सारा सामान बिखरा देख जानीपुर थाना को सूचना दी. सूचना पर जानीपुर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की. उन्होंने बताया कि चोरी की घटना देर रात हुई है और पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है. पुलिस ने आसपास के इलाकों में पड़ताल शुरू कर दी है तथा चोरों की पहचान के लिए तकनीकी और स्थानीय सुराग जुटाए जा रहे हैं. चुनावी गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई इस वारदात ने पुलिस चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं. स्थानीय लोगों ने रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्धों पर निगरानी मजबूत करने की मांग की है.

## बिहार में फिर एनडीए की सरकार बनेगी: सांसद जगदंबिका पाल

**बोले- तेजस्वी का वादा 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने'**

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक बार फिर बिहार में एनडीए सरकार बनेगी. राज्य की जनता अब जान चुकी है कि कौन विकास के लिए काम करता है और कौन केवल वादे करता है. ये बातें चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को सांसद जगदंबिका पाल ने एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में रूपसपुर नहर पर स्थित मैरेज हॉल में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ सम्मेलन में कही. उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव के हर घर में सरकारी नौकरी देने वाले वादे पर पलटवार करते हुए कहा कि यह वादा मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा है. जब लालू यादव की सरकार थी, तब नौकरी के बदले जमीन देने जैसे घोटाले हुए थे. आज भी बिहार की जनता को वह दौर याद है. उन्होंने कहा कि एनडीए के डबल इंजन की सरकार में राज्य में विकास हुआ है और किसी भी जिले से चार घंटे में पटना पहुंच सकते है. उन्होंने रेलवे श्रमिकों से कहा कि एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया है. मौके पर रेलवे श्रमिक नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

## वाहन जमा नहीं करने वाले कर्मी शीघ्र ही वाहन जमा कराएं

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लक्ष्य के अनुरूप वहान जमा नहीं करने वाले कर्मी शीघ्र ही वाहन जमा कराएं। ताकि मतदान कर्मियों के लिए वाहन उपलब्ध हो सके। उक्त बातें प्रखंड बगहा दो के बीडीओ विद्दु राम ने कहा। वे शनिवार को प्रखंड सभागार में वाहन कोषांग के कर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। शनिवार को बगहा दो के सभागार में वाहन कोषांग से जुड़े कर्मियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बिड्डू राम और अंचलाधिकारी वसीम अकरम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अधिकारियों ने कर्मियों से लक्ष्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मी को दो पिकअप और एक स्कॉर्पियो/बोलोरो के लक्ष्य दिया गया था । बीडीओ ने कहा कि जिन कर्मियों ने अपना निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया है, वे अपना प्रतिवेदन शीघ्र कार्यालय में जमा करें, ताकि उसे परिवहन विभाग को भेजा जा सके। वहीं, जिन कर्मियों का लक्ष्य अधूरा रह गया है, उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।सीओ वसीम अकरम ने कहा कि समय पर वाहन पूर्ति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मियों से दायित्वों का निर्वहन समय पर करने का निर्देश दिया। बैठक में आवास पर्यवेक्षक,पंचायत सचिव, आवास सहायक,कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक तथा पंचायत रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## दानापुर में साढे आठ लाख नगद रुपए और अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसटीएफ और रूपसपुर पुलिस ने बीते रात गुप्त सूचना पर सहाय नगर में छापेमारी कर साढे आठ लाख नगद रुपए और 1.250 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ मनोज कुमार रजक को गिरफ्तार किया है.थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि एसटीएफ के विशेष टीम ने रूपसपुर पुलिस के सहयोग से सोमवार की रात सहाय नगर में छापेमारी कर मनोज के घर से साढे आठ लाख नगद रुपए और 1.250 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है और मनोज को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मनोज से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## एक देसी पिस्तौल, 40 गोली, 1 मोबाइल व 7 एटीएम कार्ड बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीते रात सुलतानपुर में छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल , 40 गोली , एक मोबाइल व सात एटीएम कार्ड बरामद किया गया है. सिटीएसपी पश्चिमी भीनू प्रताप सिंह ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिला कि सुलतानपुर निवासी जी कुमार के घर में अवैध हथियार रखे हुए है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल , 40 गोली , एक मोबाइल व 7 एटीएम कार्ड बरामद किया गया है. उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है.

## इस्लामिया टी.टी. बी.एड. कॉलेज में तीन दिवसीय कला एवं शिल्प कार्यशाला संपन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया टी.टी. बी.एड. कॉलेज, फुलवारी शरीफ, पटना में सोमवार को तीन दिवसीय कला एवं शिल्प कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. के. अरुण ने दीप प्रज्वलित कर किया और कला शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि कला और सृजनशीलता शिक्षक-प्रशिक्षण का अभिन्न अंग हैं, जो शिक्षकों को संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति की नई दृष्टि प्रदान करते हैं. इस अवसर पर इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ. हाजी खुर्शीद हसन ने कहा कि क्राफ्ट सेक्टर देश में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार क्षेत्र है.

# एनडीए के बगैर बिहार का विकास अधूरा : मध्यप्रदेश सीएम मोहन यादव

## मनेर में चुनावी सभा को किया संबोधित

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतिम दिन प्रचार प्रसार करने के लिए पटना जिले के मनेर गांधी मैदान चुनावी सभा को संबोधित करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे। मनेर पहुंचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को विकास की लगातार ऊंचाइयों पर ले जानी है तो एनडीए गठबंधन को वोट करें। क्योंकि एनडीए के बगैर बिहार का विकास अधूरा है। बिहार में अगर विकास की जरूरत है तो एनडीए की सरकार बनाने भी जरूरी है। अगर किसी तरह की चूक हुई तो फिर से जंगल राज बिहार में आ जाएगा। उस वक्त को याद हमेशा रखिए उस परिवार की 15 साल की सरकार में बिहार में विकास कम और अपराधियों, रंगदारों, लुटेरों की विकास ज्यादा हुई थी। बिहार में महिलाएं सुरक्षित नहीं थी। कब किसके साथ कोई अप्रिय घटना हो जाए परिवार वाले हमेशा डरे और सहमें रहते थे। इसलिए उन परिवारवाद के झांसे में नहीं आना है, फिर से एक बार एनडीए गठबंधन की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि देश और बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार विकास के लिए एकमात्र विकल्प है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार की विकास काफी हुई है। एक वक्त था लोगों को नक्सलवाद की परेशानियों को भी झेलना पड़ता था। बिहार में सड़क, बिजली, पानी सहित कई तरह की समस्या थी। जिसे एनडीए की सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विकास के पटरी पर ले जाने का काम किया है। एनडीए के सरकार ने बिहार वासियों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं के उत्थान के लिए हर महिलाओं को सीधे उनके खाते में ₹10000 रुपए और वृद्धावस्था पेंशन 400 से 1100 रुपए करने का काम किया है। इसलिए बिहार में एनडीए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को याद रखनी है।

# देश में पहली बारः 6 वर्षीय बच्चे की 3.1 किलो की तिल्ली सफलतापूर्वक हटाई गई



## एम्स पटना की पीडियाट्रिक सर्जरी टीम ने गौचर रोग से पीड़ित बच्चे को दी नई ज़िंदगी

833/836/829

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने एक बड़ी चिकित्सीय कामयाबी हासिल करते हुए गौचर रोग से पीड़ित 6 वर्षीय बच्चे की सफल स्प्लीनक्टॉमी (तिल्ली हटाने) की सर्जरी की है. बच्चे का वजन 18 किलोग्राम था, जबकि उसकी तिल्ली 3.1 किलोग्राम (30 X 20 सेमी) की हो चुकी थी- जो भारत में इस आयु वर्ग के किसी बच्चे में अब तक हटाई गई सबसे बड़ी तिल्ली मानी जा रही है.एम्स पटना ने इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि और बाल शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति बताया है. यह



सर्जरी न केवल चिकित्सा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि दुर्लभ बीमारियों के उपचार में नई आशा भी जगाती है. इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. अमित कुमार और डॉ. अमित कुमार सिन्हा ने किया. उनकी टीम में सर्जन डॉ. राशि, डॉ. दिगंबर, डॉ. गौरव, डॉ. सौरव, एनेस्थेटिस्ट डॉ. नीरज कुमार और पीडियाट्रिशियन डॉ. प्रताप पात्रा शामिल थे. बच्चे को लंबे समय से पेट का आकार बढ़ने, कमजोरी और बार-बार संक्रमण जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. जांच में पुष्टि हुई कि वह गौचर रोग से पीड़ित है, यह एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी है जिसमें ग्लुकोसेरेब्रोसिडेज एंजाइम की कमी के कारण तिल्ली और यकृत में वसायुक्त पदार्थ असामान्य रूप से जमा होने लगता है. सर्जरी के दौरान डॉक्टरों को असामान्य रूप से बढ़ी हुई तिल्ली और अत्यधिक रक्तस्राव जैसी तकनीकी चुनौतियों से जूझना पड़ा,



लेकिन विशेषज्ञ टीम ने इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया. ऑपरेशन के बाद बच्चे को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई.

## फुलवारी शरीफ में 14 वर्षीय किशोरी लापता, परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी की शिकायत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ में चुनावी सरगर्मी के बीच एक 14 साल की लड़की अपने घर के बाहर किसी काम से निकली और अचानक गायब हो गई इस खबर के मिलते हैं फुलवारी शरीफ इलाके में सनसनी चल गई. दरअसल,खलीलपुरा निवासी रिजवाना खातून ने अपनी 14 वर्षीय बेटी सानिया शेख के लापता होने की जानकारी फुलवारी शरीफ थाना पुलिस को दी है. परिजनों के अनुसार सानिया शेख 03 नवंबर 2025 की शाम करीब 7:30 बजे घर से निकली थी और उसके बाद से अब तक वापस नहीं लौटी है. काफी खोजबीन और रिश्तेदारों से संपर्क करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया. किशोरी की मां रिजवाना खातून ने थाना प्रभारी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर



उनके मोबाइल नंबर 9471099020 पर संपर्क करने की अपील की है. अचानक बेटी के लापता हो जाने से पूरा परिवार परेशान है मां पिता और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है किसी को समझ में नहीं आ रहा कि अचानक उनकी बेटी कहां गायब हो गई यह कौन उसे अगवा कर भाग गया. स्थानीय थाना पुलिस के मुताबिक पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है.

## संक्षिप्त समाचार

### स्मैक के साथ एक तस्कर सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमा क्षेत्र से एक स्मैक कारोबारी को हरपुर थाना प्रभारी के जवानों ने गिरफ्तार किया, थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति सहदेवा गांव के हीरा पटेल के पुत्र प्रभात पटेल के रूप में पहचान की गई है जिनके पास से तैतालिस किलो तेरासी ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ पाया गया है। इस मौके पर एस एस बी के जवान सहित हरपुर थाना के तैनात सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे, आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है जो रक्सौल थाना में 198/24 एनडीपीएस एक्ट के आरोपी हैं।



### जमीनी विवाद में आठ पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय जाना क्षेत्र के बसठा गांव में जमीनी दिवाली में आठ लोगों पर केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि सालेया खातून के आवेदन पर गूलफान खान मूमताज खातून शमीमा खातून नाजदा खातून शहबाज खान सलमान खान,अरबाज खान एंव मोबीना खातून के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### ईवीएम कमीशनिंग कार्य व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 03 नरकटियागंज विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक नेहा जैन ने सोमवार कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षक ने बूथ पर बिजली, पानी, रैम्प, आदि पर्याप्त सुविधाओं का जायजा लिया। प्रेक्षक ने बूथ संख्या 28, 29, 30, 177, 178, 179, 180, 204, 205, 206 समेत अन्य बूथों का जायजा लिया। इस दौरान एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह से मतदान केंद्रों पर कैमरा लगाने, पोलिंग पार्टियो के ठहरने, वेबकास्टिंग आदि के बारे में आवश्यक जानकारी भी ली। वही सामान्य प्रेक्षक ने बाजार समिति प्रांगण स्थित ईवीएम कमिशनिग कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने कमिशनिग कार्य मे लगे अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह, शिक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### चोरी मामले की डीआईयू टीम ने की जांच

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमावर्ती जमुनिया बाजार में पिछले दिनों किराना दुकान में हुई चोरी मामले की जांच झरौखर थाना पुलिस की उपस्थिति मोतिहारी डीआईयू की टीम ने घटना स्थल पर पहुंच जांच किया.इस दौरान टीम के सदस्यों ने स्थानीय ग्रामीणों से आवश्यक पूछताछ कर घटनास्थल का जायजा लिया.जांच टीम द्वारा घटना स्थल के निकट टावर डंप लेने की बात बतायी जा रही है.झरौखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि मोतिहारी से डीआईयू की टीम पहुंची थी चोरी मामले में वैज्ञानिक तकनीकी से अनुसाधन शुरू किया गया है.इस घटना में संलिप्त चोरों को बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.गौरतलब हो कि पिछले दिनों झरौखर थाना क्षेत्र के जमुनिया बाजार पर स्थित प्रदीप जयसवाल के किराना दुकान आदित्य किराना स्टोर से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था तथा दुकान से नगद साढ़े तीन लाख समेत किराना समान की चोरी कर लिया था।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मुंशी सिंह महाविद्यालय में सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक के सानिध्य में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण हेतु शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. हक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए विनाशकारी है, अतः हम सबको मिलकर नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मौके पर पर डॉ.ए.के. रंजन, डॉ. गौरव भारती, श्री प्रमोद कुमार, श्री सुधीर कुमार राव, श्री सुनील कुमार, राजेश कुमार, रुपेश कुमार, सूबेदार प्रदीप द्विवेदी, रणधीर कुमार, सुनिल कुमार, हर्षवर्धन कुमार, श्वेतांँशु, गौरव कुमार, ओम प्रकाश राय, गुलाब रसूल, संतोष आदि सहित अन्य शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र - छात्राएं मौजूद थे । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।



### मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजेके इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से कराया गया जिसमें शिक्षा विभाग के सारे कर्मी/ अधिकारी और एमजेके इंटर कॉलेज के सारे शिक्षक और सारी बच्चियों मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में स्लोगन गाने और नारे के साथ और शपथ ग्रहण कराया गया। जिला प्रशासन के की ओर से डीपीआरओ श्री ज्ञानेश्वर प्रकाश, वरीय उपसमाहर्ता सुश्री निधि कुमारी भाग लिए।इस कार्यक्रम में जिला के स्वीप आइकॉन सुश्री अनुप्रिया ने मतदाता जागरूकता गीतों से बच्चों को प्रेरित किया। यह जागरूकता प्रोग्राम विद्यालय के शिक्षक मुन्ना जी, कलाम साहब, रीना मैडम, डॉ अनीता कुमारी के सहयोग से कराया गया।



### ट्रेन के शौचालय से फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे स्टेशन पर मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज आने वाली गाड़ी संख्या 15215 फास्ट पैसेंजर ट्रेन के शौचालय से रेल पुलिस और आरपीएफ ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। वृद्ध व्यक्ति ट्रेन के शौचालय के अंदर से बंद कर फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर लिया था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को करीब 11.30 बजे ट्रेन नरकटियागंज श्टेशन पर पहुचीं थी। ट्रेन पहुचने के बाद सफाई कर्मी सफाई करने गए तो शौचालय का दरवाजा अंदर बंद था। काफी प्रयास के बाद दरवाजा नहीं खुला तो कर्मियो ने रेल प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना पर श्टेशन अधीक्षक समेत आरपीएफ, जीआरपी के जवान पहुचे और दरवाजे को तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। वह उजला रंग का कुर्ता मरदानी पहने हुआ था और गमछा को गर्दन में बांध कर लटका हुआ था। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को मृतक के पास से एक आधार कार्ड का फोटो कॉपी मिला है। जिसमें महाराष्ट्र के नांदेड़ जिला के नगीना घाट निवासी 85 वर्षीय रमाकांत जागेश्वर झा लिखा गया है।

# बिहार को जंगलराज से बचाना जरुरी : अमित शाह



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड के स्टेडियम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राजद प्रमुख लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले मुगलों, अंग्रेजों और बाद में कांग्रेस और लालू यादव ने अयोध्या में राम मंदिर बनने से रोका, जिसे पीएम मोदी ने पूरा किया। श्री शाह ने पुनौराधाम में सीता मंदिर के निर्माण की जारी प्रक्रिया के बारे में बताया। पुनौराधाम में साढे आठ सौ करोड़ से मां सीता का भव्य मंदिर बन रहा है। इसे रामायण सर्किट से भी जोड़ने वाले हैं। अपने संबोधन के शुरू में अमित शाह ने बिहार में लालू व राबडी के शासनकाल को जगंल राज करार दिया। इसके साथ ही कहा कि हमलोग जंगल राज को रोकने आए हैं। उन्होंने विधानसभा प्रत्याशी समृद्ध वर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए एनडीए सरकारी की हाथ मजबूत करने को कहा। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 हटा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुश्मनों के घर में घुसकर मारा। मौके पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे सांसद संजय जयसवाल पूर्व विधायक - दिलीप वर्मा, पूर्व विधायक उमाकांत सिंह जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष - संजय पटेल भगवत ठाकुर, निराला आदि एनडीए के नेता मौजूद रहें।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधी मैदान में विशाल जनसमूह को संबोधित किया

**मोतिहारी/चकिया (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक विशाल जन समूह को संबोधित किया। अपने चुनावी भाषण की शुरूआत मनोकामना माई व सूर्यमंदिर को अभिवादन कर किया साथ ही उन्होंने आजादी में अहम योगदान के लिए चंपारण की भूमि को नमन किया। उन्होंने कांग्रेस व लालू सरकार के चलते ही राम मंदिर का निर्माण को लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि साढ़े आठ सौ करोड़ की लागत से केसरिया के सत्तरघाट से सीतामढ़ी तक राम जानकी पथ का निर्माण कार्य जल्द होगा। जिससे इन सभी क्षेत्रों के लोगों का विकास होगा और आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने पूर्व के लालू सरकार के जंगल राज से सावधान रहने को लेकर जन मानस को आगाह किया। उन्होंने केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार के सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के कार्यकाल में देश का चौमुखी विकास तो हो ही रहा है। वहीं जब से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने जंगल राज का सफाया कर बिहार में विकास कार्य से बहुत कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में बिहार के हर जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज व मेडिकल कॉलेज बनाने का कार्य किया जाएगा। एनडीए ने तय किया है कि आने वाले दिनों में फैक्ट्री बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए हुए कहा कि आतंकवादी अगर गोली चलाया तो इधर से गोला दागा जाएगा। कहा कि 2026 तक नक्सलवाद को पूरे देश से सफाया हो जाएगा।



## पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 90 हजार रुपये नगद के साथ युवक को पकड़ा

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चोरमा- बैरगनिया नवनिर्मित भारत माला सड़क में रुपहरा गांव के समीप मंगलवार को वाहन जांच के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) ने एक युवक को 90 हजार रुपये नगद के साथ पकड़ लिया। टीम ने संदिग्ध स्थिति में बाइक सवार को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से उक्त रुपए बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा गांव निवासी बिहारी लाल साह के पुत्र ओमप्रकाश साह के रूप में की गई है। मौके पर मौजूद एफएसटी कर्मियों ने पूछताछ के बाद मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद शिकारगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ थाने ले गई, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की गई। ओमप्रकाश साह ने पुलिस को बताया कि वह रुपये रुपहरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा से अपनी पत्नी के खाता से निकालकर उधार चुकाने जा रहा था। उसके अनुसार उसने किसी व्यक्ति से उधार ली थी, जिसे यह रकम लौटाने जा रहा था। हालांकि, चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण 50 हजार रुपए से अधिक की राशि के साथ बिना प्रमाणिक दस्तावेज पाए जाने पर पुलिस को रकम जब्त करने का अधिकार है। इस संबंध में शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि युवक से रकम के स्रोत और उपयोग संबंधी प्रमाण पत्र मांगे गए। संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत करने व उसके सत्यापन के बाद उसे छोड़ दिया गया है। वहीं, एफएसटी टीम ने बताया कि चुनाव अवधि में संदिग्ध रूप से बड़ी नकदी के परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है ताकि धन के दुरुपयोग को रोका जा सके।



## किसान सुराज दल के रविकांत रवि ने हरसिद्धि को विकसित करने का किया वायदा

**हरसिध्दि (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव प्रचार को लेकर सभी लोगों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इस दौरान हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र से किसान सुराज दल के प्रत्याशी युवा नेता रवि कांत रवि ने भी अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है इस दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से किसान सुराज दल के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है इस दौरान उन्होंने हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के भ्रष्टाचार और बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर भी विरोधियों पर जमकर हमला बोला है लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार इस युवा नेता को हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र की कमान सौंपिए हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र में विकास की तस्वीर बदलकर रख देंगे। इस दौरान किसान सुराज दल के प्रत्याशी रविकांत रवि ने कहा कि अब तक जितने भी हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि वह केवल और केवल अपना विकास किए हैं जनता के समस्याओं पर उनका कोई ध्यान नहीं है इसलिए हम जनता मालिकों से या अपील करना चाहते हैं कि एक बार आप हमें मौका दें और हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र से बदहाल शिक्षा व्यवस्था और भ्रष्टाचार को दूर करेंगे। इसमें उपस्थित शिवलाल राम,विनय मिश्रा,विकाश गुप्ता,रितेश कुमार दुबे,सोनू कुमार उपस्थित रहे।



## 46 शातिरों पर फिर हुयी सीसीए की कार्रवाई

**6 को जिला बदर व 40 को थाना बदर का आदेश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान सभा आम चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बेतिया एवं बगहा पुलिस अधीक्षक के अनुसंशा पर सुनवाई करते हुए जिला दण्डाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने फिर 46 शातीर अपराधियों पर सीसीए की कार्रवाई के तहत जिला बदर एवं थाना बदर का निर्देश दिया है। इन्हें बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 की धारा-03 (3) के तहत निर्धारित किये गये जिला एवं थाना में प्रतिदिन दो बार हाजरी देनी होगी। सुनवाई के दौरान जिन शातीर अपराधकर्मियों को जिला बदर का आदेश दिया गया है उसमें आशुतोष राय डुमरी मझौलिया को समस्तीपुर, कमलेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ केपी सिंह अरनहवा मझौलिया को बांका, चुन्नु ठाकुर महाबिरपुर योगापट्टी को जमुई, राघव यादव पर्वतिया टोला मुफस्सिल को औरंगाबाद, रामेश्वर कुमार उर्फ गोलु गुप्ता समाहरणालय चौक बेतिया नगर को भागलपुर, एवं हरिओम कुमार उर्फ डिसिल्वा हजमा टोला बानूछापर को खगड़िया जिला के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं रवि कुमार उर्फ पिन्नु लालबाजार नोनिया टोली बेतिया को मटियरिया, बिरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा सिंघी मसान ढ़ाब श्रीनगर को साठी, उपेन्द्र मुखिया बरियारपुर नौतन को मानपुर, संजय कुशवाहा उर्फ कल्लु पाण्डेय टोला नौतन को मानपुर, मनोरंजन पाण्डेय उर्फ मुकेश पाण्डेय छोटा गोपालपुर को बैरिया, पंकज कुमार बैद्यनाथपुर मुफस्सिल को मानपुर, मिथुन पटेल उर्फ मिठु पटेल चरगाहां मुफस्सिल को भंगहा, विनोद साह, झुमका इनरवा को गोपालपुर, झुना मुखिया पडरौन योगापट्टी को सिकटा, राजकेश्वर बीन नन्हकार, योगापट्टी को कंगली, दीपक मिश्रा दुबौलिया मझौलिया को मानपुर, संचित कुमार मच्छरगावां योगापट्टी को पुरूषोतमपुर, सुनील शर्मा उर्फ सुनील राम धोकराहां मझौलिया को शिकारपुर, सोनु कुमार अम्बेडकर कॉलोनी बसवरिया को सहोदरा, कृष्णा चौधरी उर्फ कृष्णा सहनी माधोपुर मलाही टोला, मझौलिया को साठी, पुनीत चौधरी नया बस्ती बेलबाग शनिचरी को गोपालपुर, अरूण कुमार उर्फ अरूण महतो पुजहा पटजिरवा श्रीनगर को शिकारपुर, युनुस मियां बहुअरवा शनिचरी को बलथर, रविन्द्र सिंह हरिवाटिका मुफस्सिल को भंगहा, रोहित कुमार चरगाहां मुफस्सिल को मैनाटांड़, विकास मलिक नौरंगाबाग, बेतिया को मैनाटांड़, किनाई राम महनागनी मुफस्सिल को सिकटा, साहेब चौधरी सिसवा सरैया बैरिया को कुमारबाग, सुनील उरांव बंजरिया सेमरा को रामनगर एवं चंदन सहनी कटकुईयां सेमरा को धनहां थाना बदर किया गया है। इन अपराधकर्मियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं, जिसमें ये सभी जमानत पर बाहर है। वैसे अपराधकर्मी जो वर्तमान में जिले से बाहर हैं, उनके विरूद्ध भी सशर्त आदेश पारित किया गया है, ताकि चुनाव के पूर्व उनके जिले में प्रवेश करने से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। इन्हें 30.11.2025 तक के लिए जिला/थाना बदर किया गया है।

## बालिकाओं ने थामी लोकतंत्र की मशाल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण से मंगलवार को एक प्रेरणादायी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का आयोजन विद्यालय परिवार और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली में विद्यालय की छात्राओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं गीता कुमारी, जया कुमारी, रुचि कुमारी समेत कई कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने 'पहले मतदान, फिर जलपान', 'लोकतंत्र का सम्मान, करें सभी मतदान' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को 11 नवंबर 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली स्कूल परिसर से निकलकर मुख्य सड़कों और मोहल्लों से गुजरते हुए लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराती रही। बीडीपीओ पूनम कुमारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य हर मतदाता तक यह संदेश पहुंचाना है कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि समाज की आधी आबादी यानी महिलाएं यदि मतदान के प्रति जागरूक होंगी, तो लोकतंत्र और भी मजबूत बनेगा।रैली में बच्चों और महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। नन्हीं बालिकाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर मतदान का संदेश फैलाया और लोकतंत्र की भावना को जीवंत कर दिया।

## जीविका दीदियों ने संभाली मतदाता जागरूकता की कमान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत महनागन्नी पंचायत भवन प्रांगण में मंगलवार को विजेता महिला संकुल संघ की जीविका दीदियों एवं माधोपुर में स्वीप संकुल जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीदियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का शपथ लिया। इसके बाद 'दरवाजा खटखटाओ, मतदान के लिए बुलाओ' अभियान के तहत दीदियों ने पंचायत के विभिन्न टोले-मोहल्लों में जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।रैली के दौरान दीदियों ने नारे लगाए- 'मतदान हमारा अधिकार है', 'पहले मतदान, फिर जलपान'। दीदियों ने बताया कि हर नागरिक का मत अमूल्य है, जिसे जिम्मेदारी के साथ मतदान केंद्र जाकर प्रयोग करना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम गुलाम सरवर ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता का मतदान करना आवश्यक है। जीविका दीदियां समाज में जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 11 नवंबर 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर जीविका दीदियों ने रंगोली, पोस्टर और नारे के माध्यम से मतदान के महत्व पर संदेश दिया।

## अंग्रेजी विभाग में 'मानविकी में लोककथा अध्ययन' पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा ह्लमानविकी में लोककथा अध्ययनह्व विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर देवेंद्र कुमार, अंग्रेजी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) थे। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. बिमलेश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग ने प्रो. कुमार का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया, जबकि डॉ. अंजनी श्रीवास्तव ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने सारगर्भित व्याख्यान में प्रो. देवेंद्र कुमार ने लोककथा अध्ययन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोकसंग्रह के इतिहास का विवरण प्रस्तुत किया और बताया कि यूनेस्को द्वारा लोकसंस्कृति को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी गई है। प्रो. कुमार ने लोककथाओं और लोकगीतों के संग्रह, रिकॉर्डिंग और दस्तावेजीकरण से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक शोधकर्ताओं के पास ऐसे तकनीकी साधन हैं जिनसे लोककथाओं और लोकगीतों का संकलन पहले की तुलना में बहुत सरल हो गया है, लेकिन इस लोकधरोहर को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने हरियाणवी महिलाओं से एकत्र किए गए लोकगीतों का उल्लेख किया और बताया कि बिहार की लोकसंस्कृति अत्यंत समृद्ध है, जो शोधार्थियों के लिए अमूल्य संसाधन सिद्ध हो सकती है। व्याख्यान के अंत में प्रो. कुमार ने अपने संग्रह में से एक हरियाणवी लोकगीत के कुछ पद स्वयं गाकर सुनाए, जिससे वातावरण सरस और जीवंत हो उठा। व्याख्यान के पश्चात श्रोताओं ने मौलिकता, अनुवाद और सौंदर्यशास्त्र जैसे विषयों पर उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिससे एक सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ. उमेश पात्रा, डॉ. कल्याणी हजरी, डॉ. चंदोबा, डॉ. दीपक सहित विभाग के अन्य शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विभाग के विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित एक सफल एवं ज्ञानवर्धक सत्र सिद्ध हुआ।




## इमरान प्रतापगढ़ी की शायरी से गूंजा लालसरैया स्टेडियम

**मझौलिया/मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत लालसरैया स्टेडियम में मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी वसी अहमद के समर्थन में आयोजित जनसभा ऐतिहासिक बन गई। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जिनका जोशीले नारों और तालियों से स्वागत किया गया। हजारों की भीड़ ने ह्लकांग्रेस लाओ, देश बचाओह्व के नारों से माहौल को चुनावी रंग दे दिया।सभा को संबोधित करते हुए इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने शायराना अंदाज में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लचाय बेचने वाला सारा देश बेच रहा है, रेल बिक गई, तेल बिक गया, बिक गया हवाई अड्डा, सब कुछ बिकता देख खुश हो रहे हैं जे.पी. नड्डा।ह्व उनकी शायरी पर जनता ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंजा दिया।उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए में अंदरूनी मतभेद साफ झलक रहे हैं। भागलपुर की उपजाऊ जमीन अडानी को मात्र एक रुपये प्रति एकड़ की दर से देना जनता के साथ धोखा है। प्रतापगढ़ी ने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस प्रत्याशी वसी अहमद को भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित हो सके।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, संगठन प्रभारी मोहम्मद हसन,पूर्व कांग्रेस विधायक मदन मोहन तिवारी, ओमप्रकाश क्रांति,प्रवक्ता इस्तेयक अहमद और प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अहमद उर्फ मुन्ना खान सहित कई नेता मौजूद रहे।मैनाटांड़ प्रतिनिधि के अनुसार कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने प्रखंड के इनरवा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



## 7 नवंबर को एकदिवसीय जॉब कैम्प-सह कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 07.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप - सह -कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन फ्ढ एवं रफ्ढ पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 से 32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल बिहार में होगा और मानदेय 12600 GROSS + 4000 FUEL निर्धारित किया गया है । साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे आवास, इंसेंटिव,पीएफ, मेडिकल, इंश्योरेंस, हाउस एकोमोडेशन ' इस जॉब कैंप मे कुल - 100 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार, दूसरा भागने में रहा सफल

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा युवक पुलिस को देखकर फरार हो गया। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के संतपुर गांव निवासी पारस राय के पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक चिरैया थाना की पुलिस मंगलवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ढाका- मोतिहारी मुख्य मार्ग पर लालबेगिया गांव के समीप चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान दो व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ वहां पहुंचा। पूछताछ के क्रम में बाइक चला रहा युवक पुलिस को देखकर भागने में सफल रहा। जबकि बाइक के पीछे बैठे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में युवक ने बताया कि पंजाब के रजिस्ट्रेशन नंबर की उक्त बाइक पीबी 70 ई 9236 वहां से सकेंड हैंड खरीद कर लाया था। लेकिन पुलिस सत्यापन में बाइक चोरी की निकली है। वही फरार दूसरे युवक की पहचान संतपुर गांव निवासी नगीना राय के पुत्र सुभाष कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# ट्रेन की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलेया मोड़ के आगे ट्रेन से कटकर सीआरपीएफ जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सीआरपीएफ का जवान मुन्ना कुमार आरा जिला का रहने वाला बताया जा रहा है। जो वर्तमान में घोसी प्रखंड के सोनवा कैंप में तैनात थे। जिनकी मौत मंगलवार की शाम पटना- गया रेलखंड के मखदुमपुर स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि गया से पटना की ओर जा रही ट्रेन से एक व्यक्ति गिर गया है जिसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। जिसमें मृतक की पहचान आरा जिला के रहने वाला सीआरपीएफ का जवान मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। जो वर्तमान समय में सोनवा कैम्प में तैनात थे और मंगलवार के दिन सोनवा से अपने घर आरा जा रहे थे। इसी बीच मखदुमपुर स्टेशन के आगे पलेया मोड़ के समीप ट्रेन से गिर कर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक जवान का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।



# विकास मित्रों ने मतदान को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 को लेकर स्वीप कोषांग के निर्देश पर जिला कल्याण विभाग के आदेशानुसार रफीगंज प्रखंड के नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो एवं महादलित टोलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विकास मित्रों ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत के वार्ड 4, 6, 7, 8 के महादलित टोला सहित वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों से मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गयी और उनके समाधान के उपाय बताए गए। अभियान के दौरान महादलित टोला के लोगो की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। लोगों ने मतदान के लिए वे 11 नवंबर 2025 को अवश्य मतदान करेंगे। विकास मित्रों ने बताया कि यह पहल जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। इसमें शामिल विकास मित्र अजय कुमार, जितेंद्र कुमार, सोमनाथ रिकियास, शयाम कुमारी, नीतू देवी, कलावती देवी, शोभा कारू, कुमारी सरिता, सरिता कुमारी, शामिल हुए।




## चुनाव के मद्देनजर ब्राह्मण समाज की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के विधुत सब स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण मे मग विद्वत परिषद देव धाम औरंगाबाद प्रखंड इकाई मदनपुर, रफीगंज के बैनर तले ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गयी है। अध्यक्षता राजकिशोर पाठक, संचालन उमादत मिश्र ने किया। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुयी । लोगो ने कहा कि चुनाव मे प्रतिनिधियो द्वारा उपेक्षित किया जा रहा है। जबकि रफीगंज विधान सभा क्षेत्र मे दोनो प्रखंड मिलाकर समाज का लगभग 30000 मतदाता है। जो उम्मीदवार समाज को सम्मान देगे उनके पक्ष में सर्वसम्मति से समाज को एकमुश्त होकर मतदान करने का निर्णय लिया गया। इसके लिये पुनः छह नवम्बर को इसी मंदिर परिसर में बैठक होगी। इस अवसर पर लालभूषण मिश्र, धनंजय पाठक, शैलेश पाठक, अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, साकेत मिश्र, प्रविन्द्र मिश्र, साकेत कुमार पाठक, सुनील कुमार मिश्र, दुर्गेश कुमार पाठक, संतोष मिश्र, अजित कुमार मिश्र, रंजीत मिश्र, कौशल मिश्र, वेद प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बसों में हो रही ओवरलोडिंग, बढ़ रही दुर्घटनाएं

**नवबहिार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में बसो में ओवरलोडिंग जारी है। प्रतिदिन हो रही दुर्घटना के बाद भी बसों में कोई खास असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। औरंगाबाद से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर जाने वाले निजी बसों में ओवरलोडिंग जारी है। सड़क हादसों से सबक न लेते हुए भी सवारियों को बस की छत पर सफर करवाया जा रहा है। औरंगाबाद में निजी बस मालिक लगातार क्षेत्र में अपनी बसों में सवारियों को छतों पर भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भर रहे हैं। निजी बस मालिक चंद पैसों की खातिर यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर ओवरलोडिग करने में लगे हुए हैं। जिले में जब कहीं भी बस हादसा होता है तो उस वक्त बड़े-बड़े नेता व प्रशासन एक दम हरकत में आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े कानून बनाने की बातें कहते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसा ही हो जाता है और यातायात नियमों की अवहेलना पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। जब कभी बस चालक की नजर पुलिस पर पड़ती है तो बस चालक बसों में सवारियों को छतों से उतार कर अंदर ठूंस दिया जाता है। इसके बाद थोड़ी दूर आगे नजदीक पेट्रोल पंप पर भेज देते हैं, वहा से फिर से छतों पर बैठा देते हैं। जब कभी बस चालक की नजर पुलिस पर पड़ती है तो बस चालक बसों में सवारियों को छतों से उतार कर अंदर ठूंस दिया जाता है।

# जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र चुनाव में पासवान समाज ने चुन्नू शर्मा पर जताया भरोसा

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव में जहानाबाद से निर्दलीय प्रत्याशी रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा को पासवान समाज का मजबूती से समर्थन मिल रहा है। बताया जाता है कि पटना- गया रोड स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में समुदाय के नेताओं और प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया।पासवान समाज के लोगों ने कहा कि रितेश कुमार लंबे समय से जनता के बीच रहकर काम कर रहे हैं और समाज के गरीब, वंचित और पिछड़े तबकों के अधिकार व उत्थान के लिए उनकी पहल लगातार दिखाई देती रही है। इसी कारण समाज ने उन्हें अपना समर्थन देने तथा उनके पक्ष में चुनाव अभियान को मजबूती देने का निर्णय लिया है।


**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **प्रकाश वीर (ग्राम-रामदासी, पो.-सिंगर,रजौली, थाना-रजौली, जिला-नवादा (बिहार) 805125 )**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **235, रजौली (अ.जा.)**

मैं **प्रकाश वीर** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा | सिरदला थाना नवादा 149/2010 | लंबित | धारा 188 भा.द.वि 133 लोक प्रा. अधिनियम.(आरपी एक्ट) आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन |
| 2. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) नवादा | रजौली थाना नवादा 111/2005 | लंबित | 3 (1) बी.पी.डी ऑफ पी.पी एक्ट आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन |
| 3. | एसीजेएम I सह वि.न्या. (एमपी, एमएलए) | सिरदला थाना नवादा 437/2020 | लंबित | 188 भा.द.वि आदर्श आचार सहिंता का उल्लघंन |

| क्रम सं० | **(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: HEMANT KUMAR CHOUBEY , Kurain, Chainpur , District- Kaimur(Kaimur) , Bihar, 821106

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of Legislative Assembly of Bihar -2025

*Name of Constituency : 206-Chainpur

I **HEMANT KUMAR CHOUBEY** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1. | A.C.J.M,7 Bhabhua | COM(P)26/2023 | Before Charge | Section341,323,147,148,149,506,504,394,384 I.P.C & 27 Arms Act |
| 2. | J.M 1st , Bhabhua | CR.CASE2521/2018 | Under Trial (Evidence) | Section 147, 148,149,430,353,506 I.P.C |
| | | | | |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | NILL | NILL | NILL |
| 2. | NILL | NILL | NILL |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Shravan Kumar, Vill+P.O.- Sareya, P.S.- Baniyapur, Saran, 841403

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

Name of Constituency : 115-BANIAPUR

I Shravan Kumar, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| (A) Pending criminal cases | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | A.C.J.M- VIII | PS 50/11, Baniapur | Pending | Sec. 147,148,149,323,307,379,342,435,384, 386, 504,506IPC and Sec.27 Arms Act. (Rioting, rioting with weapon, unlawful assembly, hurt, attempt to murder, theft, wrongful confinement, mischief by fire, extortion, robbery, insult, intimidation, and use of arms) |
| 2 | A.C.J.M-VIII | PS 239/19, Baniapur, Tr. No. 2209/25 | Pending | Sec. 188, 123 RPA ACT (Disobedience of public order and corrupt practices in elections) |
| 3 | A.C.J.M-VI, Siwan | Family Suit 448/22, Tr No.1816/25 | Pending | Sec. 138 NI ACT (Dishonor of cheque for insufficiency of funds.) |

| (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | | |
|---|---|---|---|
| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# बीस वर्षों में बिहार ने पकड़ी है विकास की रफ्तार : सीएम

## भाजपा प्रत्याशी रजनीश कुमार के लिए की चुनावी सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशी राजनीश कुमार के समर्थन में चुनावी जनसभा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्बोधित किया साथ ही रजनीश कुमार को जिताने की अपील की। मंगलवार को दोपहर बाद सीएम श्री कुमार चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुचे। चुनाव प्रचार के आखरी दिन तेघड़ा में भाजपा प्रत्याशी रजनीश कुमार के लिए चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। चुनावी जनसभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि रजनीश कुमार को भारी मतों से जीत दिलाकर विधानसभा भेजने का काम करे। वहीं बछवाड़ा




विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मेहता भी मंच पर मौजूद रहे। दोनों प्रत्याशीयों को जिताकर विधानसभा भेजने की अपील नीतीश कुमार ने लोगों से की। नीतीश कुमार ने जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमने 20 वर्षों में जो विकास किया है। वह धरातल पर दिखता है। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया गया है। हमने 125 यूनिट बिजली मुफ्त किया। बुजुर्गो, विधवाओं, दिव्यांगजनों को 1100 रुपया पेंशन देने का काम किया है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिया है ताकि वह खुद का रोजगार शुरूकर सके। वहीं रजनीश कुमार ने जनसभा से अपील करते हुये भारी मतों से विजयी बनाने की अपिल लोगों से किया। मौके पर सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा, ललन शराफ, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा,बछवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मेहता, पूर्व एम एल सी रुदल राय, भूमिपाल राय, जदयू प्रदेश सचिव रीना चौधरी, मो मेराज अख्तर दाना, मो ओसामा, भाजपा नेता सुनील कुंवर, पूर्व विधायक ललन कुंवर, संजय सिंह समेत एनडीए के नेता व हजारो कार्यकर्ता शामिल हुये।

## बैलट बिटिया स्टीकर देकर किया जागरूक

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में औरंगाबाद जिले में व्यापक डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल में विकास मित्रों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों तथा टोला सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए मतदान के महत्व को रेखांकित किया और सभी से 11 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान बैलट बिटिया स्टीकर और बैज घरों, दीवारों तथा सड़कों के आसपास लगाए गए ताकि जब लोग अपने घरों से बाहर निकलें, तो उन्हें मतदान की तिथि और उसके महत्व की याद रहे। यह दृश्य अपील नागरिकों में मतदान के प्रति निरंतर जागरूकता और उत्साह का माहौल बना रही है। ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं ने सामूहिक रूप से मेरा वोट, मेरा अधिकार का नारा बुलंद करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी की प्रेरणा दी।

# सरकार बनी तो किसानों को मिलेगी मुफ्त बिजली : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय (छौडाही)।** चेरिया बरियारपुर विधानसभा के छौड़ाही प्रखंड के पनसल्ला हाई स्कूल के मैदान में प्रत्याशी सुशील कुशवाहा और बखरी प्रत्याशी महागठबंधन सीपीआई के सूर्य कांत पासवान के पक्ष में सभा को संबोधित किया। कहा कि अगर बिहार चुनाव बाद महागठबंधन की सरकार बनती है तो राज्य के किसानों को हम मुक्त बिजली देने का काम करेंगे। तेजस्वी यादव ने माई बहिन योजना को लेकर कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद 1 साल की पूरी राशि यानी 30 हजार एक मुश्त राशि महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा हमारी सरकार 1 साल का पूरा पैसा माता बहनों के खाते में 14 जनवरी को भेज देगी। महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा आप तेजस्वी के उपर एक बार भरोसा कर हमें मौका दीजिए, 20 माह मे प्रत्येक परिवार के एक-एक घर में



सरकारी नौकरी दी जाएगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा उम्र थोड़ा कच्चा जरूर है। लेकिन मेरी बात पक्की है। तेजस्वी यादव ने चेरिया बरियारपुर प्रत्याशी राजद के सुशील कुशवाहा और बखरी प्रत्याशी महागठबंधन सीपीआई के सूर्यकांत पासवान को जीताने का अपील जनता से किया और दोनों प्रत्याशियों को जीत का माला भी पहना दिया। इस जनसभा को विधान पार्षद सह राजद नेत्री उर्मिला ठाकुर, राजद नेता धर्मेंद्र कुशवाहा, संजय सुमन, सावित्री कुशवाहा, व्युटी सिंह, ब्रजनंदन यादव, किशोर कुणाल, विनोद तांती, राजद नेत्री वीणा झा, संजू प्रिया, मनोज कुमार यादव, प्रेमलता यादव, राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव, पिंटू सिंह, मुखिया पंकज दास, जनार्दन पासवान, गुनेश्वर सहनी, त्रिवेणी महतो, राम लखन यादव, माले नेता शैलेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, अजय कुमार पान, मीडिया प्रभारी बलवंत, अन्नु चाको, सेमत दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ता मंच पर मौजूद थे।

# जीविका ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें इसका कोई मोल, छोड़कर सारे काम, पहले चलों करें मतदान, एक वोट से होता है जीत हार, वोट नहीं हो मेरा बेकार आदि स्लोगन से मतदाता जागरुकता भ्रमण मार्ग गूंज उठा। राधा और कृष्णा जीविका महिला ग्राम संगठन, करैटाड, समसा में मतदाता जागरूकता रैली के साथ-साथ शपथ ग्रह्ला समारोह के तहत पोषक क्षेत्र के भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा मतदान में सभी मतदाताओं को शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार ने कहा कि स्वच्छ मतदान के बदौलत ही स्वच्छ लोकतंत्र की स्थापना संभव है। मतदाता के द्वारा डाले गए वोट के सहारे ही अपना सही प्रतिनिधि का चयन किया जाता है। इसके लिए 6 नवम्बर को होने वाले विधानसभा मतदान हेतु प्रत्येक मतदाताओं से पोलिंग बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उपस्थित जीविका दीदियों को इस चुनाव में आस्था रखते हुए खुद वोट डालने तथा आसपास के वोटर को वोटिंग करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। मौके पर पिंकी कुमारी, काजल कुमारी, संगीता कुमारी, निर्मला कुमारी, संजू कुमारी, सुधा कुमारी सहित कई जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया।

# फंदा लगाकर विवाहिता ने दी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पचायत में विवाहिता ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला की पहचान रजाकपुर निवासी श्याम सुन्दर पासवान की 25 वर्षीया पत्नी रेखा देवी है। घटना सोमवार की देर रात की बतायी गयी है। घटना के बारे में उसके ससुर रघुनी पासवान तथा सास गरभी देवी ने बताया कि खाना पीना खाकर रात में सब सो गये। सुबह जानकारी मिली कि उसकी पुत्रबधू ने खुदकुशी कर ली। उसके पुत्र श्याम सुन्दर पासवान मजदूरी करने दूसरे राज्य गये हुए हैं। उसकी पत्नी रेखा देवी अपने तीन बच्चों के साथ अलग रहते थी। सुबह में पता चला कि उसने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसकी जानकारी बच्चों को भी नहीं हो सकी। चूंकि घटना के वक्त सभी बच्चे सोये थे। परिजनों ने पास पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। ऐसा प्रतीत होता है कि सोमवार की शाम में पति-पत्नी में फोन पर कुछ कहा सुनी हुआ हो। सुबह जब तीनों बच्चे रूपेश, चन्दन और प्रीति ने देखा तो उसकी करूण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलने पर थाने के एसआई रंजीत कुमार सहित सशस्त्र बलों ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। इधर उसके मायके वाले भी पहुंच गये हैं। सामाचार प्रेषण तक किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं दर्ज हो पायी है।

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर बिजली बोर्ड तैयार

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव के दरम्यान बिजली विभाग ने निर्बाध विधुत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर अपनी तैयारी कर ली है। औरंगाबाद प्रमंडल के सभी बूथों तक बिजली की पहुंच शत प्रतिशत हो इसके लिए वरीय पदाधिकारी के स्तर से निर्देश जारी कर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बिजली से संबंधित शिकायत और सुझाव के लिए विभाग द्वारा संबंधित पदाधिकारियों का मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने जारी किए गए मोबाइल नंबर की सूची उपलब्ध कराते हुए बताया कि बिजली से संबंधित किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए निम्न नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। जारी सूची इस प्रकार है- सहायक अभियंता औरंगाबाद 7763814299, कनीय अभियंता औरंगाबाद शहरी 1- 7763814301, कनीय अभियंता औरंगाबाद शहरी 2-7763814302, कनीय अभियंता औरंगाबाद ग्रामीण-7763814300 सहायक अभियंता बारुन- 7763814303, कनीय अभियंता बारुण-7763814304, कनीय अभियंता टेंगरा- 9264440632

# स्मैक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** स्थानीय पुलिस के द्वारा सोमवार की देर शाम जिला असूचना इकाई के द्वारा दिये गये गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के हुसैनी चक ढाला से दक्षिण बालाचक मोड़ के पास से वाहन चेकिंग के दौरान तीन स्मैक के धंधेबाज को 467 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध स्थानीय थाना में एनडीपीएस की धारा के तहत कांड संख्या 473/25 दर्ज कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि जिला असूचना इकाई के द्वारा गुप्त सूचना पर अबध-तिरहुत पथ के बालाचक मोड़ के पास से मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों को अवैध नशीली पदार्थ के साथ वाहन चेकिंग के क्रम में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना पर बालाचक मोड के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। तभी हुसैनी चक ढाला के तरफ से आ रहे एक कला रंग के पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति जो पुलिस की टीम को देख भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस टीम के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। जिसकी विधिवत तलाशी लिये जाने पर 467 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक मोटरसाइकिल, चाय मोबाइल भी जब्त किये गये। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल चौक वार्ड नंबर 31 निवासी जितेंद्र शाह के पुत्र सूरज कुमार, पुरानी मछली बाजार वार्ड 31 निवासी बल्लू पासवान के पुत्र करण कुमार एवं मीरगंज वार्ड 31 निवासी बबलू शाह के पुत्र अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में जिला असूचना इकाई के पुनि बैद्यनाथ कुमार, बलिया थानाध्यक्ष विकास कुमार राय, पुअनि निशा कुमारी सिंहा, जिला असूचना इकाई के पुअनि राजीव रंजन, सअनि राजेश कुमार के साथ चीता बल व एसटीएफ के जवान मौजूद थे।

## औरंगाबाद में आज रोड शो करेंगी दिल्ली की सीएम

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** मुख्यमंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता का रोड शो कार्यक्रम सदर विधानसभा 223 औरंगाबाद में संपन्न होने जा रहा है कल दिनांक 5 नवंबर 2025 को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के आगमन को लेकर तैयारी बैठक में शामिल सभी पार्टी के प्रमुख नेता कार्यक्रम प्रभारी सुनील शर्मा हेलीकॉप्टर एवं सह प्रभारी उज्जवल कुमार सिंह रंजय अग्रहरि कार्यक्रम संयोजक अनिल गुप्ता अमित गुप्ता जी राजू गुप्ता आज मुख्यमंत्री दिल्ली का भव्य स्वागत औरंगाबाद के सभी महिला मोर्चा के पदाधिकारी शहर के सभी महिलाओं बहनों ने तैयारी की है। आज उसको लेकर एक बैठक किया गया और और दिव्या स्वागत की तैयारी की गई। इस रोड शो कार्यक्रम पुलिस लाइन से लेकर सी कोठी होते रमेश चौक महावीर मंदिर धर्मशाला गांधी मैदान तक हजारों हजार की संख्या में इस कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता होगी और भव्य रोड शो होगा जिसमें हमारे प्रत्याशी एनडीए के विक्रम नारायण सिंह जी भी शामिल होंगे।

# पवन सिंह ने पड़रिया खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा के सेमरिया पड़रिया खेल मैदान में पावर स्टार सह भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। कहा कि बिहार में विकास और रोजगार का कार्य केवल एनडीए सरकार ने किया है। विपक्ष के लोग सिर्फ वादे करते हैं, जबकि एनडीए ने धरातल पर काम कर दिखाया है। बड़हरा विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी को जिताना यहां के विकास की दिशा तय करेगा। उन्होंने जनता से अपील किया कि बटन कमल पर दबाएं, ताकि मोदी जी व नीतीश जी के हाथ मजबूत हों। वे भरी सभा में राघवेंद्र प्रताप सिंह को जीत का माला पहनाया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं और महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भीड़ से गदगद पवन सिंह ने



भोजपुरी में कहा, हमरा बड़हरा के जनता सबसे प्यारी बा, ए बार वोट कमल पर पड़ी, जीत एनडीए के होई। सभा के सफल आयोजन से कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला। जनसभा स्थल पर पावर स्टार सड़क मार्ग से पहुचे। कार्यक्रम 5 बजे सम्पन्न होने के बाद वे हेलिकॉप्टर से वापस निकल गये। पावर स्टार को देखने के लिए भीड़ बेकाबु थी। भीड़ रोकने में पुलिस परेशान रही। पवन सिंह के आगमन पर सभा में इतनी भीड़ हो गई। यहां तक कि पवन सिंह को देखने के लिए युवा पेड़ पर चढ़कर इंतजार कर रहे थे।

## धनरूआ में आचार संहिता मामले में दो टेंपो जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आचार संहिता उल्लंघन मामले में धनरूआ थाने में दो टेंपो को जप्त किया गया है। दरअसल बताया जाता है की दो टेंपो पर राजद का झंडा लगा हुआ था जो बिना अनुमति का था, जो किसी सभा का कार्यक्रम करके लौट रहा था अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि किसी भी प्रचार वाहन में बिना अनुमति के झंडा नहीं लगाना है ऐसे में मॉडल कोड आफ कंडक्ट का उल्लंघन माना जाएगा जो धनरुआ थाना के पास में दो टेंपो को जब्त किया गया है। मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# संदेश में केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने संदेश में स्वच्छ मतदान के लिए फ्लैग मार्च निकाला। मार्च प्रखंड के अहपुरा, दलेलगंज, धर्मपुर, बिछिआंव, मनीयच समेत 6 गांव तक निकाला। इस मार्च में आईटीबीपी के जवान व बिहार पुलिस बल शामिल थे। संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने नेतृत्व करते हुए बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव में किसी भी व्यक्ति अथवा असामाजिक तत्वों के द्वारा



बूथों पर गड़बड़ियां करते पाये गये। पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई किया जाएगा। वैसे चिन्हित कर जो संदेश थाना में नामजद आरोपीत है एवं जो अभी बेल पर पर बाहर है। उन लोगों को पहले ही संदेश थाना द्वारा 107 धारा लगाया गया है।

# दो दिवसीय पातालगंगा महोत्सव का आगाज, निकाली गई शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव सूर्य मंदिर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित पातालगंगा मठ की महिमा को देश दुनिया तक पहुंचाने के लिए स्थानीय समाजसेवियों को लेकर बीते वर्ष से पातालगंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 4 एवं 5 नवंबर को भव्य महोत्सव का आगाज किया गया। आज देव सूर्य मंदिर से राधा कृष्ण की झांकी मुख्य बाजार होते हुए पतालगंगा मठ तक निकाली गयी, जिसमे स्कूलऽकोचिंग के बच्चे, साधु संत एवं श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा को सफल बनाने में श्रेयस स्कूल का अहम योगदान रहा। मंच का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष कंचनदेव सिंह, उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र गुप्ता, संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र यादव आदि




ने किया। संचालन एंकर अनवर खान ने किया। महोत्सव में वक्ताओं ने कहा कि पातालगंगा मठ में कई एकड़ भूमि देव राज विरासत एवं अन्य जमींदारों ने मठ के संचालन हेतु लिखित डीड के माध्यम से दान किये थे। इसी मठ के द्वारा छठ के लिए प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर संचालित होता था इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को इस स्थल को कोरिडोर बनाकर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से बेरोजगारों को भी रोजगार मिलेगा एवं सनातन का डंका पुरे भारत में बजेगा। वर्तमान में यहाँ पर मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम, पार्क और रिंग रोड बनवाने की घोषणा की गयी है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्यों में वर्तमान बेढ़नी पैक्स अध्यक्ष जोगेंद्र यादव, मुखिया मनोज सिंह, जितेंद्र यादव राजकुमार गुप्ता, ब्रह्मचारी अभ्यानंद बाबा के वंसज पंडित विजय बाबा, युगेश यादव उपेंद्र सिंह, लक्ष्मण गुप्ता, कलाकार सुनील सिसोदिया, रामधारी गुरूजी, वीरेन्द सिंह, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## जिला जज ने की मतदान की अपील

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिलेवासियों को हर मुद्दे पर जन जागरूकता हेतु मुहिम चलाते रहता है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राज कुमार के द्वारा आगामी 11 नवम्बर को बिहार विधानसभा चुनाव हेतु लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु वीडियो संदेश जारी कर अपील किया है। उनके द्वारा अपील में कहा गया कि मतदान करना देश एवं राज्य के प्रति एक कर्तव्य है, और इस कर्तव्य का पालन हर किसी को करनी चाहिए। आपका मतदान राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखेगा, और आपके द्वारा किया गया मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। इसलिए हर किसी को जो मतदान हेतु योग्य है, उन्हें अपना मतदान अवश्य रूप से करनी चाहिए। जिला जज ने व्यवहार न्यायालय में कार्यरत सभी कर्मियों से भी अपील किया कि अगर आपका नाम मतदाता सूची दर्ज है आप वहाँ जाकर मतदान अवश्य करें।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 21, ढाका | फैसल रहमान | S.D.J.M., सिकरहना, ढाका (पूर्वी चम्पारण) थाना कांड संख्या-185/2020, | U/s- 269, 270, 188 I.P.C. Epicdemic D. Act. 2005 & 51 (6) & D.N. Act 2005, महामारी अधिनियम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 21, ढाका | फैसल रहमान | S.D.J.M., सिकरहना, ढाका (पूर्वी चम्पारण) थाना कांड संख्या-145/2015,TR. No. 1421/2020 | U/s- 17 (H) 188 I.P.C. Cog. U/s- 17 (F) 23.... Bihar Prevention Defacements Act., सम्पत्ति विरूपन अधिनियम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 21, ढाका | फैसल रहमान | A.C.J.M (x). मोतिहारी, मोतिहारी नगर थाना कांड संख्या-304/2003, TR. No. 992/2018 | U/s- 25 (1-6) A/26/35 Arms Acts and 414 I.P.C. Recovery of illegal Fire Arms., अवैध हथियार | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# विधानसभा चुनाव : मतदान दलों के बीच मतदान सामग्री का वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी 6 नवबंर को होने वाले चुनाव को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। ऐसे में मसौढी स्थित श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में बने डिस्पैच सेंटर में मंगलवार को सभी मतदान दलों के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री वितरण और पोलिंग पाटी डिस्पैच के लिए 25 टेबल बनाये गये, वहीं नोडल पदाधिकारी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली को बनाया गया, एवं ग्यारह सहायक नोडल अधिकारी सहित अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी। प्रत्येक काउंटर पर चार कर्मियों की प्रतिनियुक्ती की गई। मौके पर, निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार के निर्देशन में सामग्री वितरण व पार्टी डिस्पैच किया गया। प्रत्येक काउंटर पर चार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावा हेल्प डेस्क बनाया गया है। जहां पदाधिकारी सहित सात कर्मी, एआरओ टेबल पर पदाधिकारी सहित सात कर्मी और रिजर्व टेबल पर पदाधिकारी सहित 12 कर्मियों को तैनात किया गया है। जबकि बुधवार को मतदान कर्मियों को इवीएम व वीवीपैट दिया जायेगा। बहरहाल आगामी छह नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब अंतिम चरण में है. मतदान सामाग्री में स्पेशल पैकेज के अलावा सभी मतदान से संबंधित आवश्यक सामग्री मतदान कर्मियों के बीच वितरित की गई, जहाँ सभी मतदान कर्मियों के बीच विभिन्न मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस बार चुनाव में एक स्पेशल पैकेट भी सभी पीठासीन पदाधिकारी को दिया जा रहा है. जिसमें कई आवश्यक और अत्यंत गोपनीय मतदान से संबंधित सामग्री है। तकरीबन पूरे मसौढी विधानसभा में 1773 मतदान कर्मियों को लगाया गया है. कुल मिलाकर एक मतदान केंद्र पर छह कर्मचारी रहेंगे। पोलिंग पार्टी के डिस्पैच के बाद बुधवार को सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम दे दिया जाएगा। सभी बुथों पर 42 सेक्टर पदाधिकारी बनाए गए हैं, वहीं पांच पंचायत पर एक सुपर जोनल पदाधिकारी बनाए गए हैं। बहरहाल पूरे मसौढ़ी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां 3,26,434 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। वहीं सुरक्षा को लेकर सीएपीएफ, आईटीबीपी बीएसएफ पुलिस फोर्स की मुस्तैदी होगी।

# थम गया चुनाव प्रचार का शोर, बूथ मैनेजमेंट में जुटे सभी दलों के कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार चुनाव 2025 के पहले चरण के तहत 6 नवंबर को मतदान होगा। इसके मद्देनज़र मंगलवार की शाम पहले चरण के लिए प्रचार अभियान थम गया। प्रचार रुकने के बाद उम्मीदवार और उनकी टीमें पूरी ताकत बूथ मैनेजमेंट में लग गये है। प्रत्याशियों ने पहले ही यह रणनीति बना ली है कि किस बूथ पर कौन पोलिंग एजेंट रहेगा और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी किन कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी। साथ ही मतदान के दिन हर कार्यकर्ता की भूमिका तय कर दी गई है। इसके अलावा प्रशासनिक समन्वय से लेकर पंचायतवार निगरानी तक की जिम्मेदारियां बांटी जा चुकी हैं। बूथ स्तर पर छोटी-छोटी टीमों के माध्यम से चुनावी रणनीति को लागू करने की रूपरेखा भी तैयार है। वहीं, मंगलवार की शाम से बुधवार रात तक कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधेंगे और नाराज समर्थकों को मनाने का प्रयास करने मे जुटे है। बहरहाल मसूरी विधानसभा में 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जिसमें एनडीए से उम्मीदवार अरुण मांझी, महागठबंधन से रेखा देवी, जनसुराज से राजेश्वर मांझी, बसपा से मनोज कुमार, समेत कई अन्य निर्दलीय हैं।

# 42 सेक्टर पदाधिकारी, 6 जोनल एवं एक सुपर जोनल की प्रतिनियुक्ति

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** आगामी 6 नवंबर को मसौढी विधानसभा में मतदान होना है जिसके तैयारियां अंतिम चरण पर है। ऐसे में मंगलवार को पोलिंग पार्टी को डिस्पैच कर दिया गया है, बुधवार को ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस पार्टी को दी जाएगी। बहरहाल मसौढी विधानसभा के 443 मतदान केंद्रों के लिए 42 सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए हैं। वहीं 6 जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है और एक सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, 42 सेक्टर पदाधिकारी में से हर एक सेक्टर पदाधिकारी को 10-15 बुथ की कमान दी गई है। ताकि मतदान के दौरान अगर किसी भी बूथ पर किसी भी तरह की कोई समस्या हो या फिर ईवीएम में खराबी हो तो अविलंब उस जगह पर सेक्टर पदाधिकारी ईवीएय को ससमय में पहुंचाया जा सके।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारी मात्रा में हथियार...

किए गए। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस यह पता लगा रही है कि इतनी बड़ी राशि कहां से आई और इसका चुनाव से क्या संबंध है। बाबुपुर गांव में छापेमारी के दौरान तीन देशी रायफल बरामद की गईं और एक अभियुक्त गिरफ्तार हुआ। इसके अलावा, विशेष निगरानी दल की अलग कार्रवाई में एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक लाख 42 हजार 500 नकद जब्त किए गए। नगर पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई आदर्श आचार संहिता के तहत संचालित ऑपरेशन जखीरा का हिस्सा है। असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में सघन जांच जारी रहेगी।

### देशभर में भटक रहे ...

की बेरोजगारी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बजाय सस्ता डेटा देकर रील बनाने में उलझा दिया है। उन्होंने कहा कि रील बनाना और देखना अब एक नशा बन गया है ताकि युवा सवाल न पूछें, सरकार से जवाब न मांगें। पैसा उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है और युवाओं को सिर्फ मनोरंजन का झुनझुना पकड़ा दिया गया है। राहुल गांधी ने जनता से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शंकर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और उम्मीदवार आनंद शंकर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में परिवर्तन और न्याय की नई राजनीति का आह्वान किया। मौके पर रफीगंज प्रत्याशी गुलाम शाहिद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह उर्फ पप्पू, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, युवा नेता आशुतोष सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार तीनो विधानसभा क्षेत्रों मे स्वीप गतिविधि के तहत कई रचनाकार कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत यह बताया जा रहा है कि कि एक सशक्त और जीवंत लोकतंत्र केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। 11 नवंबर 2025 को मतदान दिवस पर लोगों को लगातार मतदान देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। जहानाबाद के लोगों ने यह संकल्प लिया है कि सभी 'एक वोट' की शक्ति को पहचानेंगे और लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। तीनों विधानसभा क्षेत्र में सेविका, सहायिका, जीविका दीदी, विकास मित्र के द्वारा डोर टू डोर प्रोग्राम चलाया जा रहा है। साथ ही मतदान दिवस के दिन सभी को अपने मतदान केंद्र पर जाकर भय मुक्त होकर वोट डालने के लिए अपील किया जा रहा है।

# एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** बिहार विधानसभा चुनाव के तहत प्रथम चरण में 6 नवंबर को वोटिंग को लेकर एम एम कॉलेज बिक्रम के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता अधिकार जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के बाद कॉलेज सभागार में लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के उद्देश्य से सभा आयोजित की गई। कॉलेज की प्रधानाचार्या, प्रोफ़ेसर डॉ. सुनीता राय ने कहा कि सांस्कृतिक राजनीतिक प्रज्ञा के तीन आयाम होते हैं- अतीत वर्तमान एवं भविष्य। अपने वर्तमान एवं भविष्य को देखते हुए सभी विद्यार्थियों को अपने मत

**मतदान की अपील**

कर रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अजेय कुमार ने कहा कि शिक्षा ही सम्यक प्रगति का राजमार्ग है। मताधिकार का प्रयोग राष्ट्र निर्माण के नैतिक यज्ञ में प्राथमिक कर्तव्य है। जागरूकता रैली में कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रो अशोक कुमार, डॉ अमरदीप, डॉक्टर उदय शंकर, डॉ पुनीत मिश्रा, डॉ शिखा सिंह, राजीव कुमार, नवदीप पांडेय आदि शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया गया वीआईपी पार्टी का 7वां स्थापना दिवस समारोह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) पार्टी का 7वां स्थापना दिवस मंगलवार को जहानाबाद में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में वीआईपी जिला प्रभारी सिकंदर केवट, राजद प्रत्याशी राहुल शर्मा के भाई रोहित शर्मा सहित कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन को जीत दिलाने का संकल्प दोहराया गया। वीआईपी जिला प्रभारी सिकंदर केवट ने कहा कि वीआईपी गठबंधन की एक अहम और भरोसेमंद कड़ी है और पार्टी आने वाले विधानसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि वीआईपी और राजद दोनों दल मिलकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर गठबंधन के संदेश और नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राजद प्रत्याशी राहुल शर्मा के भाई रोहित शर्मा ने कहा कि वीआईपी का समर्थन गठबंधन की जीत में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि दोनों दलों का लक्ष्य क्षेत्र में विकास, सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों की आवाज को ताकत देना है। समारोह में चंदन साहनी, चिंटू साहनी, राहुल साहनी, रिशु सनी, रितेश साहनी, नीतीश साहनी, सौरभ साहनी, मंगल केवट, हरेराम साहनी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सात साल की पार्टी की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए आगामी चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने पार्टी संस्थापक मुकेश साहनी के नेतृत्व में की गई उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि पिछड़े, अति पिछड़े एवं मछुआ समाज के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी। स्थापना दिवस समारोह ने संगठन की एकजुटता और शक्ति का स्पष्ट संदेश दिया।

# आज देव दीपावली पर मंदिरों और नदियों के तट पर जलाए जाएंगे दीप

**डा. रंजीत कुमार भारतीय नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक आस्था के साथ साथ सांस्कृतिक महत्व भी है। शास्त्रों में भी कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के रूप में वर्णन करते हुए इसके महात्म्य की चर्चा की गई है। हिंदी और संस्कृत के प्रखर साहित्यकार पंडित राहुल सांकृत्यायन ने भी कार्तिक पूर्णिमा को 'कतिकी पुनो' के रूप में इसके महत्व का वर्णन अपने साहित्य में किया है। वर्ष के सबसे स्वच्छ और पवित्र दिन के रूप में भी कार्तिक पूर्णिमा का वर्णन साहित्यों में अलग अलग रूप में मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा के संबंध में स्कंद पुराण में इसके महत्तम में की चर्चा की गई है। शास्त्रों के अनुसार संपूर्ण कार्तिक मास में जो प्रातः स्नान से निवृत्त होकर आकाशदीप का दान करता है उसे संपत्ति और पुत्र का लाभ होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली के रूप में मनाए जाने की परंपरा रही है। देव दीपावली देवताओं के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक माना जाता है। वैसे देखा जाए तो भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म के लोगों में यह परंपरा रही है कि कार्तिक मास के पहले दिन से पूर्णिमा तक लोग आकाशदीप जलाते हैं। हुलासगंज लक्ष्मी नारायण मंदिर के मठाधीश आचार्य हरेरामाचार्यजी महाराज बताते हैं कि उपनिषद का भी श्रुति वाक्य है- तमसो मा ज्योतिर्गमय यानी अंधेरे से प्रकाश की ओर गमन। दीपक की रोशनी आशा का प्रतीक है जो नूतन चेतना व नवीन कार्य करने की प्रेरणा देता है। दीपक के प्रकाश में स्वच्छता एवं सत्यता का आभास भी होता है तथा भय एवं भ्रम का निवारण भी इससे होता है। उन्होंने बताया कि भारतीय दर्शन के अनुसार दीपक पवित्रता का प्रतीक शुभकर्मों का साक्षी माना गया है। देव दीपावली के संदर्भ में कहा जाता है कि पृथ्वीलोक के लोगों के द्वारा दीपावली मनाने के एक पक्ष बाद यानि कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि दीपावली मनाने के लिए देवता स्वर्ग से नदियों के पावन तट पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं। देव दीपावली को दीपावली समारोह के अंत का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता भी दिए जलाते हैं इसलिए इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं। शास्त्रों में वर्णन है कि इसी दिन भगवान महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का संहार किया था। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने भी इसी दिन मत्स्यअवतार लिया था। शरद ऋतु को भगवान श्री कृष्ण के महारास लीला का काल माना गया है। श्रीमद् भागवत के अनुसार शरद पूर्णिमा की चांदनी में श्री कृष्ण का महारास संपन्न हुआ था। इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। आधुनिक समय में ऐसी मान्यता है कि आदि शंकराचार्य का कैलाश गमन भी कार्तिक पूर्णिमा को ही हुआ था। इस दृष्टिकोण से देखें तो कार्तिक पूर्णिमा धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं में वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट दिवस माना गया है। कार्तिक पूर्णिमा को शहर के संगम घाट पर श्रद्धालुओं के द्वारा आकाशदीप जलाई जाती है। इस दिन पूरा संगम घाट दीप से जगमग दिखता है। नदी के घाटों पर दीपक की जगमगाहट से नदी का स्वच्छ जल में दीपक का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से एक अलौकिक छटा दर्शाती है। इस दिन हुलासगंज बाजार में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी बड़ी धूमधाम और आस्था के साथ देव दीपावली मनाई जाती है। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर को घी के दिए से सजाया जाता है।

इस अवसर पर श्रद्धालु दान पुण्य करने के साथ अलग-अलग जगह पर सरोवरों और नदियों में स्नान करके पूरे तन्मयता और भक्ति से पूजा करके दान अर्पित करते हैं। इस दिन फल्गु नदी के तट पर भी कुछ धार्मिक संगठनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है।

# कार्तिक पूर्णिमा को लेकर ट्रेनों में उमड़ रही भीड़, तारेगना रेल पुलिस ने चलाया सतर्कता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए, तारेगना रेलवे पुलिस ने तारेगना स्टेशन और प्लेटफार्मों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की,जहाँ भीड़-भाड़ वाले स्टेशन के अतिरिक्त रेलवे पुलिस बल और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा सादे लिबास में जवानः चोरों, उचक्कों, स्नैचरों और पॉकेटमारों पर पैनी निगाह रखने के लिए प्लेटफार्म और पूछताछ कार्यालयों आदि जगहों पर सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया । यात्रियों के सामान की चेकिंग की जा रही है।और यात्रियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना सुरक्षा कर्मियों को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय स्तर पर औरंगाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज का शानदार प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के विद्यार्थियों ने 'एचएमईएल क्वेस्ट 2025 इन्नोवेशन चैलेंज' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह इन्नोवेशन चैलेंज एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से आईआईटी, एनआईटी सहित दो सौ शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों ने भाग लिया था। महाविद्यालय की विजेता टीम में राज लक्ष्मी, ज्योति कुमारी एवं शोभा कुमारी शामिल हैं। ये सभी छात्राएं महाविद्यालय के असैनिक विभाग के प्रथम वर्ष में अध्यनरत है जिन्होंने स्प्रिंग सर्कल टू प्रिवेंट एक्सीडेंट' मॉडल प्रस्तुत की। इस टीम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो आनन्द राज ने किया। एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड ने इस टीम को उनके उत्कृष्ट नवाचार, तकनीकी गहराई और वास्तविक जीवन में उपयोगी प्रभाव के लिए एक लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान की है। पुरस्कार समारोह का आयोजन 03 नवंबर 2025 को एचएमईएल रिफाइनरी, बठिंडा (पंजाब) में वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में किया गया, इस दौरान महाविद्यालय के विजेता टीम के साथ प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि एवं स्टार्टअप सेल इंचार्ज व मेंटर प्रो आनन्द राज को भी सम्मानित किया गया। साथ ही इस दौरान प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि का संबोधन भी हुआ जिसे एचएमइएल प्रबंध द्वारा काफी सराहना किया गया, साथ ही एचएमइएल के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा कैंपस प्लेसमेंट एवं एम्प्लॉयमेंट सम्भावनाओं पर काम करने का इच्छा प्रकट किया गया। एचएमईएल के रिसर्च डेवलोपमेन्ट एवं इन्नोवेशन विंग ने महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये मॉडल को इम्पलीमेंटेशन के लिए पूरी फंडिंग एवं मार्गदर्शन की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और इसे संस्थान के शोध, नवाचार तथा गुणवत्ता शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम बताया है। इस मौके पर प्राचार्य ने महाविद्यालय में इन्नोवेशन कल्चर डेवेलप करने के लिए स्टार्टअप सेल, इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन कॉउन्सिल एवं प्रविधि टेक्निकल क्लब को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पूरे बिहार से सिर्फ राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद की टीम को ही अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो पूरे बिहार के लिये गौरव की बात है।


Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 16 कल्याणपुर | मनोज कुमार यादव | ए.सी.जे.एम. I मोतीहारी सं. - 540/25, कोटवा थाना काण्ड सं. 164/2010 | धारा-188, 171(H) भा.द.वि., आचार संहिता का उल्लंघन। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 16 कल्याणपुर | मनोज कुमार यादव | ए.सी.जे.एम.-9 मोतीहारी बाद सं.-1991/20, कल्याणपुर थाना काण्ड सं. 281/2015 | धारा - 188, 171(H) भा.द.वि., आचार संहिता का उल्लंघन। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 16 कल्याणपुर | मनोज कुमार यादव | न्या. दण्डा. मोतिहारी, कोटवा थाना काण्ड सं. 136/2025 | धारा - 191(1), 132, 324(4) बी.एन.एस., सरकारी कार्य में बाधा, बलवा। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# तेजी से विकास कर रहा बिहार : सैनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे प्रचार अभियान भी तेज हो गया है। मंगलवार की शाम एनडीए की ओर से हसपुरा बाजार के दक्षिण मोहल्ला स्थित ड्रीम मैरेज पैलेस में चुनावी प्रचार को लेकर बुद्धिजीवी जन संवाद सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा नेता रविशंकर शर्मा व संचालन लोजपा नेता विजय अकेला ने किया। सभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद सुनीता दुंगल सहित उतर प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, एमएलसी हरिगोविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास तेजी से हो रहा है। मोदी व नीतीश की जोड़ी पूरी शक्ति से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह वह धरती है जहां गुरूगोविंद सिंह, बुद्ध, महात्मा गांधी, सीता मईया जैसे लोगों ने जन्म लिया है। बिहार के लोगों ने ठान लिया है कि फिर से एनडीए की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनेगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि तेजस्वी कहां से नौकरी देंगे। 2005 के पहले वाली जंगल राज बिहार की जनता को मंजूर नहीं है। छठी मईया पर्व को राहुल गांधी नाटक कहता है जिसे हम साक्षात मान कर पूजा करते हैं। वह पूजा समाप्त नहीं होगा। बिहार में फिर से नीतीश, मिशन 2025 की राह पर एनडीए गठबंधन चल रही है। 2005 के पहले लालू की सरकार को राहुल बाबा क्या दिया था।उसे याद करो। किसान सम्मान निधि में नीतीश कुमार तीन हजार की बढ़ोतरी करेंगे। जीवीका दीदी के खाता में दस हजार रुपये भेजा जा रहा है। आयुष्मान कार्ड से गरीब इलाज करा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से डा रणविजय कुमार को रिकॉर्ड वोटों से जिताने की अपील की। कार्यक्रम में हरिगोविन्द सिंह, रंजीव् रंजन उर्फ नन्हका बाबू, सत्येन्द्र चौधरी, डा. रामजतन सिंह, विनय शर्मा, संजय मेहता, विद्यानंद सिंह, चन्द्रकांत मुन्ना, विनोद शर्मा, विनोद सिन्हा, अश्विनी तिवारी, राजकुमार पासवान, डा राजेश विचारक, धनंजय कुमार मुन्ना, इबरार अहमद, महिपाल सिंह, कविन्द्र निराला के अलावा दर्जनों एनडीए कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी डा रणविजय कुमार के समर्थन मे तमाम लोगों से मतदान करने की अपील की।

# अवध के बाद मगध में भी हारेगी भाजपा : अखिलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा अवध में हारी है, इस बार मगध भी हारेगी। बिहार में बदलाव होता देख एनडीए वाले घबराए हुए हैं। बिहार के बाद दिल्ली में भी बदलाव होगा। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ओबरा के खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान सपा प्रमुख श्री यादव ने महागठबंधन समर्थित ओबरा से राजद प्रत्याशी ऋषि कुमार व गोह से राजद के प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार के पक्ष में लोगों से समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला और कहा कि वे जान गए हैं कि वह अब मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले हैं इसीलिए दूसरे के गले में पहले ही माला डाल दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी जमकर हमला बोला। सपा प्रमुख



श्री यादव ने कहा कि इस बार बिहार की जनता नई सरकार बनाने जा रही है और यह नई सरकार नौजवान मुख्यमंत्री तेजस्वी के नेतृत्व में बनने जा रही है। तेजस्वी के नेतृत्व में बिहार में न्याय के साथ-साथ सामाजिक न्याय की सरकार बनने जा रही है। इस बार की लड़ाई नौकरी बनाम भाजपा के बीच होने जा रही है। जीएसटी कानून लाने से आज देश में महंगाई आसमान छू रही है और उसे लाने वाले उसका उत्सव मना रहे है। उन्होंने कहा कि ये धरती संत पदार्थ बाबू और रामबिलास सिंह यादव की धरती है, जहां सबका सम्मान होता है। बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी तो सबके साथ सामाजिक न्याय होगा। भाजपा के पास कोई उपलब्धि नहीं है इसलिए अगर हिसाब किताब मांगे तो उनके पास जवाब नहीं है। यह चुनाव बीस साल के बिहार और ग्यारह साल की दिल्ली के हिसाब-किताब का भी चुनाव है। भाजपा के लोग कह रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे लेकिन हुआ कुछ नहीं। इन लोगों ने छलने का काम किया। हम अपने अनुभव का लाभ तेजस्वी यादव को देने का काम करेंगे। ये चुनाव सिर्फ बिहार का नहीं बल्कि देश का और खुद आपका भी चुनाव है। इस बार चुनाव के बाद नौजवानों का पलायन नहीं होगा बल्कि बीजेपी का पलायन होगा। मौके पर राजद प्रत्याशी ऋषि कुमार और अमरेंद्र कुमार समेत महागठबंधन के दिग्गज नेता उपस्थित रहे। सभा को काराकाट सांसद राजाराम सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह, पान समाज नेता आईपी गुप्ता व अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डा. सुरेश पासवान, राजद के प्रदेश महासचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, डॉ चंदन कुमार, संजय यादव, कुटुंबा प्रमुख धर्मेंद्र चंद्रवंशी, यूसुफ आजाद अंसारी, अरुण कुमार, कुणाल कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# आहर में डूबने से मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आहार में डूबने से तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना उपहारा थाना क्षेत्र के हरिगांव का है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी अवध यादव के तीन वर्षीय पुत्र उत्कर्ष कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक उत्कर्ष गांव में ही आहार किनारे अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर आहार में जा गिरा। जब तक ग्रामीणों द्वारा बचाव कार्य किया जाता तब तक अत्यधिक पानी में डूबने से उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाना चाही लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। इस घटना से मृतक बच्चे के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि आहार में डूबने से तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। पोस्टमार्टम करवाए बिना ही शव लेकर परिजन घर चले गए।

# औरंगाबाद के अंतिम छोर तक पहुंचा लोकतंत्र का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वीप अभियान के तहत नबीनगर प्रखंड के रामनगर पंचायत अंतर्गत कर्मा लहंग गांव, जो झारखंड की सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है, में आज मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। गांव की जीविका दीदियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया और ग्रामीणों को आगामी 11 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उसका शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। हर मतदाता की भागीदारी से ही शासन



व्यवस्था सशक्त और पारदर्शी बनती है। इसलिए सभी मतदाता 11 नवम्बर को निर्भीक, निष्पक्ष और निःस्वार्थ भाव से मतदान करें। आपका एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जिले के अंतिम व्यक्ति तक लोकतंत्र का संदेश पहुंचना और हर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। यह कार्यक्रम जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक लोकतंत्र का उजाला पहुंचाने और मतदाताओं में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना फ़ेसर थाना क्षेत्र के नेतलाल बिगहा की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बरिमल निवासी स्व. रामनरायण महतो के पुत्र शत्रुध्न महतो के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक वे किसी काम से बाइक द्वारा बाहर गए थे। वहां से घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में नेतलाल बिगहा के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वे हादसे के शिकार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर




पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# वकीलों के बीच पहुंचे त्रिविक्रम नारायण सिंह व आनंद शंकर सिंह, मांगा समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मंगलवार को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में राजनीतिक हलचल तेज रही। चुनावी माहौल के बीच दो प्रमुख उम्मीदवार महागठबंधन के आनंद शंकर सिंह और एनडीए के त्रिविक्रम नारायण सिंह – वकीलों के बीच पहुंचे और समर्थन मांगा। दोनों उम्मीदवारों ने जिला विधिज्ञ संघ, अधिवक्ता संघ, अधिवक्ता लिपिक संघ और ताईद संघ में जाकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर सहयोग की अपील की। अधिवक्ताओं ने बताया कि दोनों उम्मीदवारों ने अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की और वरीय अधिवक्ताओं से शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के कार्यालय परिसर में गर्मजोशी से स्वागत हुआ और चुनावी चर्चा का माहौल बन गया। अधिवक्ता समुदाय के बीच दोनों

**जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में दिखी चुनावी सरगर्मी**



प्रत्याशियों की मौजूदगी से राजनीतिक बहसें तेज हो गईं और चुनावी माहौल की गूंज पूरे संघ परिसर में महसूस की गई। सूत्रों के अनुसार, एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अधिवक्ताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में सुशासन और स्थिर सरकार के लिए एनडीए को समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने विकास, कानून-व्यवस्था और जनकल्याण के मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया और अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे मतदान में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, महागठबंधन प्रत्याशी और विधायक आनंद शंकर सिंह ने वकीलों से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भाग लें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का नेतृत्व करने वाला वर्ग है और उनके सहयोग से ही समाज में न्याय और समानता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिवक्ताओं का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें इस बार भी मिलेगा। जिला विधिज्ञ संघ में दोनों प्रमुख प्रत्याशियों के आगमन से चुनावी चर्चा और परिचर्चा का दौर पूरे दिन जारी रहा। वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं ने दोनों उम्मीदवारों का स्वागत किया और चुनावी मुद्दों पर खुलकर संवाद किया। अधिवक्ता संघ परिसर में हुई इस मुलाकात ने यह संकेत दिया कि औरंगाबाद के चुनावी समर में अब हर वर्ग की भागीदारी और राजनीतिक सक्रियता अपने चरम पर पहुंच चुकी है।

# सड़क दुर्घटना मामले में गैर इरादतन हत्या के दोषी को दो साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना से जुड़े एक मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। एसडीजेएम सात संदीप कुमार सिंह की अदालत ने नगर थाना कांड संख्या 233/18 (टीआर 575/25) में सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त प्रदीप ठाकुर, निवासी देवरिया कला फ़ेसर, को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए के तहत अभियुक्त को दो साल की सजा और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके साथ ही भादंवि की धारा 279 के तहत छह महीने की सजा और एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी और अभियुक्त को परिवीक्षा का लाभ नहीं दिया जाएगा। अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी सूचक कुलदीप चौधरी, निवासी रामडीहा वार्ड-32, ने 12 अगस्त 2018 को नगर थाना में दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि उनका पुत्र शंकर खाना खाकर सुबह घर से निकला था और लगभग 10 बजे रामडीहा वार्ड-32 के पास सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे कुटी लोड ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल शंकर को सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु कारित करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने 30 अक्टूबर 2025 को अभियुक्त प्रदीप ठाकुर को दोषी करार दिया था और उसी दिन उसका बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र मदनपुर प्रखंड में आज स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन से संवाद करते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी का संकल्प लेने की अपील की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि हर वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है, और जागरूक मतदाता ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करना और यह सुनिश्चित करना रहा कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। ग्रामीणों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर मतदान के लिए शपथ भी ली, जिसमें उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

# आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट व मारपीट मामले के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बनौखर निवासी जयराम सिंह के पुत्र मृत्युंजय कुमार सिंह मारपीट और गोलीबारी मामले में नामजद अभियुक्त था। उसके घर से छापेमारी के दौरान एक देसी कट्टा बरामद की गई थी। उसके बाद वह काफी दिनों से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था।

# इवीएम व वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग का काम जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग हेतु निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों का कमिश्निंग कार्य 2 नवंबर, 2025 से प्रारंभ हो गया है, जो 5 नवंबर, 2025 तक संचालित किया जाना संभावित है। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व एवं प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में संपादित किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के दौरान प्रत्येक मशीन की तकनीकी जांच, परीक्षण एवं सत्यापन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में विभिन्न राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहकर प्रत्यक्ष निरीक्षण कर रहे हैं। उपस्थित प्रतिनिधियों को मशीनों की जांच, सीलिंग, टैगिंग एवं भंडारण से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मशीन का परीक्षण एवं सुरक्षा जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित तकनीकी विशेषज्ञों, मास्टर ट्रेनरों एवं पदाधिकारियों को सभी चरणों में पूर्ण सावधानी एवं पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया है। कमिश्निंग के उपरांत चयनित मशीनों पर रैंडम परीक्षण कर मत डालने की प्रक्रिया से इलेक्ट्रॉनिक परिणाम एवं वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाएगा। तत्पश्चात सभी मशीनों को सील कर विधानसभा वार क्रमांक अंकित करते हुए निर्धारित ईवीएम गोदामों में सीसीटीवी निगरानी के तहत सुरक्षित रखा जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान शुरू**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना एवं स्वीप कोषांग, औरंगाबाद द्वारा जिले के कुटुंबा विधानसभा में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंगलवार से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के पहले दिन मंगलवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल पल्लवी आर्ट्स सोसायटी, मधुबनी के कलाकारों ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र (222) के पचौखड़ गांव में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित




किया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने अपने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित स्थानीय लोगों को खासकर के युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन एवं पहली बार मतदान करने वालों को मतदान के महत्व को समझाते हुए आगामी 11 नवम्बर को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गई। साथ ही कलाकारों द्वारा जानकारी दी कि अगर किसी मतदाता का मतदाता सूची में नाम है लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटोयुक्त पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि लेकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान दे सकते हैं। साथ ही, उन्होंने जनता के प्रश्नों जैसे हम मतदान क्यों करें, हमारे एक वोट देने से क्या होगा आदि सवालों का विस्तार से उत्तर दिया एवं बताया कि हमारा एक मत हमारी आने वाली पांच वर्ष का भविष्य निर्धारित कर सकती है। इस मौक़े पर सांस्कृतिक दल के टीम लीडर एवं सीबीसी के नोडल अधिकारी ज्ञान प्रकाश के अलावा काफ़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।